तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 20 दिसंबर 2023

14 परिवार व मित्रों संग सैर के साथ करें नए वर्ष की शुरुआत...



13 ग्रामीणों का शिविर में बन रहा आयुष्मान कार्ड मिल ...





## खबर संक्षेप



### विधायक संगीता ने ली शपथ

**गुरूर।** संजारी बालोद विधानसभा से लगातार दूसरी बार विधायक चुनी गई संगीता सिन्हा ने मंगलवार को अपने दूसरे कार्यकाल के लिए विधानसभा में शपथ लिया। संगीता सिन्हा ने ईश्वर की शपथ ली। बालोद विधानसभा में संगीता सिन्हा पहली महिला विधायक बन गई हैं जिन्होंने लगातार दो बार विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया एवं महिला विधायक के रुप में लगातार दूसरी बार शपथ ली।

### दो बाइक सवार आपस में टकराए, एक गंभीर

**डौंडी ।** स्थानीय बस स्टैंड स्थित मेन रोड पर दो बाईक सवार आपस में टकरा गए। हादसे में एक बाईक सवार डामर रोड में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं दूसरे बाइक चालक को मामूली चोटें आई हैं। सूत्रों ने बताया कि बस स्टैण्ड के सामने मुख्य मार्ग में दोनो बाइक सवार आपस में टकरा गए। हादसे में एक बाइक चालक रोड पर औंधे मुंह गिर गया। इससे उसके चेहरे के साथ ही हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई और वह मौके पर ही अचेत हो गया। उसे तत्काल शासकीय अस्पताल 108 के माध्यम से ले जाया गया। जहां उसका प्रथामिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं घायल युवक कहां का निवासी है इसका पता नहीं चल पाया था। वहीं बाइक क्रमांक सीजी 24 एस 6381 में सवार बाइक चालक को मामूली चोट आई है। वहीं घायल युवक बाइक क्रमांक सीजी 07 एलए 5601 में सवार था। पुलिस अब बाइक के पंजीयन नंबर के आधार पर घायल युवक की पहचान कर रहा है।

### इलेक्ट्रिक कांटा से धान खरीदी की मांग



**अंडा।** जिला भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री अजीत चंद्राकर ने मंगलवार को धान खरीदी केन्द्र अण्डा पहुंचकर खरीदी का निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों ने इलेक्ट्रिक कांटा से खरीदी करने की मांग की जिस पर प्रबंधक को अवगत करा दिया गया है। यहां वर्तमान में 28000 क्विंटल धान खरीदी हुआ है। शासन द्वारा 21 क्विंटल और 3100 रुपए एक साथ देने की घोषणा से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। खरीदी केंद्र पर किसानों में भारी खुशी देखी जा रही है। भाजपा किसान मोर्च । द्वारा सभी किसानों को आश्वस्त किया गया है की खरीदी केंद्र पर किसी भी किसान को कोई दिक्कत नहीं आएगी और सबका धान सही समय पर खरीदी कर लिया जाएगा। ग्राम अंडा के किसान वीरेंद्र चंद्राकर, रोशन साहू, सुंदरलाल चंद्राकर ,कृष्ण चंद्राकर, जगलाल सोनवानी, भूपत साहू ग्राम विनायकपुर से रूपेश दिल्लीवार, खिलावन साहू, सहदेव ढीमर, पारख देशमुख ग्राम जंजगिरी से भीष्मराज दिल्लीवार, नारायण देशमुख, बलराम मंडावी, रमेश सकतेल, रवि बंजारे, दयाराम साहू, प्यारेलाल देशमुख, ग्राम चिंगरी ईश्वर देशमुख, विजय साहू, राजेंद्र सूर्यवंशी, समिति प्रबंधक राजकुमार खोब्रगडे और बहुत सारे किसान मौजूद रहे।

# अपराधों पर अंकुश लगाने ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल पेट्रोलिंग कर लगाएं चलित थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- आरोपियों की गिरफ्तारियों व पेंडिंग मामले निपटाने में लाएं तेजी

पुलिस अधीक्षक बालोद के निर्देशन में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों के मध्य क्राइम समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में थाना क्षेत्रों के गांवों में चलित थाना लगाने, पैदल पेट्रोलिंग करने अपराधों पर अंकुश लगाने, लंबित चालान का निकाल, लंबित प्रकरणों पर उचित कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा कड़े निर्देश दिए गए। जिले के सभी थानों के रिकॉर्ड रूम, माल खाना को दुरुस्त करने, साइबर अपराध आईटी एक्ट के प्रकरणों पर की जा रही कार्यवाही की जानकारी, अवैध चखना सेंटर पर लगाम कसने, मड़ई-मेला ड्युटी समेत अन्य महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। उक्त मीटिंग में लंबित चालान का निकाल, लंबित प्रकरणों पर कार्यवाही, आरोपियों की गिरफ्तारी, गुम इंसान की जानकारी, पेंडिंग शिकायत का निराकरण, थाना क्षेत्र के गांवों में चलित थाना लगाने, अपराध पर अंकुश पैदल पेट्रोलिंग, थाने के माल खाना, रिकार्ड रूम को दुरूस्त रखने, अवैध चखना सेंटर पर कार्यवाही, चोरी नकबजनी पर लगाम कसने, साइबर फ्रॉड रोकथाम एवं आईटी एक्ट के प्रकरणों पर उचित कार्यवाही हेतु कड़े निर्देश दिए गए।

### क्राइम समीक्षा बैठक में एसपी का मातहतों को दो टूक





**ये रहे मौजूद**

मीटिंग के दौरान अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई। क्राइम मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक, एसडीओपी प्रतीक चतुर्वेदी, डीएसपी नवनीत कौर, डीएसपी गीता वाधवानी, डीएसपी बोनीफास एक्का, प्रशिक्षु डीएसपी दीपक भगत, समेत समस्त थाना प्रभारी उपस्थित हुए।

## मांग : हितग्राही राशि पाने लगातार काट रही श्रम विभाग का चक्कर

# हितग्राही को एक साल बाद भी नहीं मिली असंगठित कर्मकार प्रसूति योजना की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने जारी की थी राशि

असंगठित कर्मकार प्रसूति योजना के हितग्राही को तात्कालिक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भेजा गया पैसा आठ माह बाद भी हितग्राही के खाते में नही पहुंचा। हितग्राही 6 माह से जिला कार्यालय का चक्कर काट रही है, विभाग स्पष्ट जवाब नही देता।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पाररास बालोद वार्ड क्रमांक 20 की रहने वाली प्रियंका बिंझेकर पति रितेश कुमार ने 18 नवंबर 2022 को असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना के तहत ऑनलाईन आवेदन किया। श्रम विभाग द्वारा उसके आवेदनों की जांच कर 1 मई 2023 को रायपुर में आयोजित श्रमिक सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के हाथों हितग्राही को भुगतान के लिए चयनित कर नाम भेजा।

श्रम विभाग के अनुसार 1 मई 2023 को तात्कालिक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में बिझेंकर के खाते मे राशि ट्रांसफर की। इधर हितग्राही का दावा है कि उसे यह राशि आज दिनांक तक नही मिली है। योजना के तहत हितग्राही को 20 हजार रूपये मिलता है, हितग्राही का बच्चा एक साल 2 माह का हो चुका है। नियमानुसार ऑनलाईन आवेदन करने के 3 माह में हितग्राही को राशि मिल जानी चाहिए, लेकिन हितग्राही को एक साल बाद भी राशि अप्राप्त है। हितग्राही ने इसके पूर्व लगभग 3 माह पूर्व भी जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई थी। हितग्राही ने आरोप लगाया कि शिकायत के बाद श्रम विभाग इसके लिए रायपुर संपर्क करने कह रहा है, जबकि रायपुर कार्यालय में बात करने पर मामले का निराकरण बालोद कार्यालय से होने की बात कही जा रही है। परेशान हितग्राही लगातार जनदर्शन एवं जनप्रतिनिधियों के चक्कर लगा रहा है, लेकिन कही सुनवाई नही हो रही है। हितग्राही के पति ने बताया धनाभाव के कारण बच्चे एवं प्रसूता का भरण-पोषण करने में परेशानी हो रही है, यदि राशि मिल जाती तो दोनों की अच्छी से देखभाल कर सकते थे।



### राशि ट्रांसफर हो गई

श्रम अधिकारी संजय सिंह ने कहा 1 मई को आयोजित श्रमिक दिवस मे प्रियंका के खाते में आरटीजीएस किया गया था, जो सक्सेसफूल बता रहा है जिसके कारण हमे ऑनलाईन भुगतान की एंट्री कर दी है, शिकायत के बाद मामले में राज्य स्तर पर पत्र लिखकर मार्गदर्शन मांगा गया है। - **संजय सिंह** श्रम अधिकारी

### गलत खाता नंबर के कारण राशि नहीं भेजा गया

इधर श्रम विभाग लगातार गलत जानकारी दे रहा है, श्रम विभाग ने 4 सितंबर 2023 को जारी पत्र में हितग्राही प्रियंका को सूचित किया है कि श्रम दिवस 1 मई 2023 को श्रमिक सम्मेलन में आरटीजीएस की गई राशि गलत खाता नंबर के कारण खाता में नही भेजा जा सकता है। जबकि श्रम अधिकारी ने मामले में जानकारी लेने गए पत्रकारों को बताया कि श्रमिक सम्मेलन में की गई आरटीजीएस की राशि की प्रक्रिया सक्सेसफूल बता रहा है। इसलिए हमने ऑनलाईन भुगतान की एंट्री कर दी है। इस विरोधाभासी बयानो ने श्रम विभाग की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

### कलेक्टर से की शिकायत प्रसुति योजना की राशि एक साल भी नहीं नहीं मिली



**बालोद।** असंगठित कर्मकार प्रसुति योजना की राशि के लिए महिलाएं महिनो से श्रम विभाग का चक्कर लगा रही है, धूप, ठंड, बरसात में भी बच्चों के साथ श्रम विभाग का चक्कर लगाना उनकी नियती बन गई है। जन दर्शन में ग्राम हिरापुर की महिला रवीना साहू अपने एक साल के बच्चे एवं पति के साथ पहुंची। रवीना साहू ने आरोप लगाया कि उसने दिसंबर 2022 को ऑनलाईन आवेदन किया था, बीते एक साल से श्रम विभाग का चक्कर लगा रहे है, श्रम विभाग के अधिकारियो का कहना है कि यह कार्य रायपुर से होगा। जबकि रायपुर कार्यालय में चर्चा करने पर वे कहते है कि बालोद कार्यालय से होगा।

रवीना साहू ने कलेक्टर से तात्कालिक सहायता की मांग की है, मंगलवार को जनदर्शन मे असंगठित कर्मकार प्रसुति योजना के दो हितग्राही एक साल से राशि नही मिलने की शिकायत लेकर पहुंचे थे।

# ट्रैक्टर-टाटा सफारी में हुई भिड़ंत, दोनों चालक गंभीर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- ग्राम टेकापार के पास हुआ हादसा, दोनों वाहन के परखच्चे उड़े

बालोद से दुर्ग मुख्य मार्ग में स्थित ग्राम टेकापार के पास ट्रेक्टर और चारपहिया वाहन टाटा सफारी के बीच जबरदस्त भिड़ंत हुई, इस हादसे में दोनों वाहन के चालक गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का उपचार जिला अस्पताल में कराया जा रहा है।

घटना के बाद दोनों वाहनों की स्थिति को देख अंदाजा लगाया जा सकता है कि वाहनों की रफ्तार काफी तेज थी। जिसके कारण दोनो वाहन के परखच्चे उड़ गए। मिली जानकारी के अनुसार भिलाई निवासी अधिवक्ता राजेश मिश्रा लगभग 41 वर्ष अपने वाहन टाटा सफारी से बालोद से दुर्ग की ओर जा रहे थे। उसी दौरान ग्राम नेवारीकला निवासी ट्रेक्टर चालक खिलेन्द्र कुमार 36 वर्ष ट्रेक्टर लेकर नेवारीकला से गृहगाम नेवारीखुर्द की ओर जा रहा था। इस दौरान दोनों ही वाहन का आमने-सामने भिड़ंत हो गया। आपस में भिडंत से दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं दोनों चालक घायल हो गए।

## थ्रेसर से दबकर अधेड़ की मौत

**गुण्डरदेही।** रनचिरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चाराचार में थ्रेसर के पलटने से एक 55 वर्षीय व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गई, घटना मंगलवार की दोपहर की बताई जा रही है। मृतक चाराचार निवासी रामकुमार साहू 50 वर्ष था जो ग्राम ईरागुड़ा के थ्रेसर को धान मिंजाई के लिए बुलाया था। इस बीच मृतक रामकुमार साहू खेत में थ्रेसर को ले जाने के लिए उसके साथ–साथ बगल से खेत में पैदल चल रहा था। इस दौरान थ्रेसर मशीन का बैंलेस बिगड़ा और थ्रेसर मशीन मृतक के उपर गिर गया, इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।

# महिला को बात करने दी धमकी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



बुधावरी बाजार में सब्जी दुकान लगाकर व्यावसाय करने वाली महिला को फोन पर बात नहीं करने को लेकर जान से मारने की धमकी देने वाले 28 वर्षीय युवक को पुलिस ने धारा 294, 506 के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीता सोनकर पति रोशन सोनकर 28 वर्ष वार्ड क्रमांक 7 जवाहरपारा बालोद की रहने वाली है। महिला एवं उनके पति दोनों बुधवारी बाजार में सब्जी दुकान लगाते है और सब्जी बेचने का काम करते हैं। महिला के अनुसार जवाहरपारा निवासी अजय क्षत्रिय करीब ढेड माह पूर्व प्रार्थीया का मोबाइल नंबर लेकर चला गया था। तब जान-पहचान होने के कारण प्रार्थीया ने उसे अपना नंबर दे दिया था। इसके बाद आरोपी प्रार्थीया से रोज बात करता था। प्रार्थीया भी सामान्य बातचीत करती थी। 16 दिसंबर से प्रार्थीया ने आरोपी से बातचीत बंद कर दिया था। इसी बात को लेकर आरोपी रंजिश रखा हुआ था। 16 दिसंबर को ही दोपहर 12.30 बजे दुकान से लौटते समय प्रार्थीया को आरोपी ने हलधर चौक के पास रोक लिया था।

बातचीत न करने पर प्रार्थीया, उसके पति व देवरों को जान से मारने की धमकी दिया था। इसके बाद 17 दिसंबर को बात करो नहीं तो फांसी लगाकर आत्महत्या कर लूंगा कहते हुए आरोपी धमकी देने लगा। इस पर प्रार्थीया ने मामले की शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई थी। प्रार्थीया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## ई-केवाईसी कराने घंटों इंतजार ...






**गुरूर।** उज्जवला गैस उपभोक्ता ई-केवाईसी करवाने घंटों तक लाइन में लगकर इन्तजार कर रहे। ई केवाईसी कराना अनिवार्य होने के कारण लोग घंटों तक इंतजार कर रहे है। बताया गया कि ई-केवाईसी नहीं कराने पर नए साल से गैस सिलेंडर मिलना बंद हो जायेगा। नगर में एक मात्र गैस सिलेंडर वितरण केंद्र होने के कारण आसपास के गांवों से प्रतिदिन लोग बड़ी संख्या में ई-केवाईसी करवाने आते है, जिसके कारण भीड़ की स्थिती होने से लोगों को घंटो इंतजार करना पड़ता है। ई-केवाईसी 31 दिसम्बर तक किया जायेगा। समय कम होने के कारण लोगों में हड़बड़ी मची हुई है। बताया गया कि कम्पनी ई-केवाईसी अपने नियमित ग्राहकों का पता लगाने के लिए करवा रही है। ई-केवाईसी नहीं होने की स्थिति में कंपनी द्वारा कनेक्शन बंद कर दिया जायेगा।

## शासन, केन्द्र की तरह करे डीए का भुगतान

# बुजुर्ग पेंशनरों को दी जाए अतिरिक्त पेंशन राशि : भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

- जिला स्तरीय पेंशनर सम्मेलन व सम्मान समारोह में उठी मांग

जिला पेंशनर समाज बालोद व तहसील पेंशनर समाज गुरूर के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय पेंशनर सम्मेलन व सम्मान समारोह गुरूर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मां शारदा एवं भारत माता की पूजा-अर्चना से प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांन्ताध्यक्ष चेतन भारती थे। अध्यक्षता सीताराम सोनखुटिया ने किया। विशिष्ट अतिथि उप प्रांन्ताध्यक्ष श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष साहू, बीआर देवांगन, सुभाष चौधरी, लीला पंचागम के अलावा तहसील पेंशनर समाज गुण्डरदेही के अध्यक्ष टामनसिंह पवार, डौडी से बीआर बंजारे, अर्जन्दा से रामनाथ साहू, देवरी से शारदा प्रसाद शर्मा, डौडी लोहारा से सियाराम सार्वा उपस्थित थे। सम्मेलन के दौरान वर्ष 2023 में 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पेंशनरों को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया तथा हाल ही में सेवानिवृत्त होने वाले पेंशनरों को पेंशनर समाज की सदस्यता ग्रहण कराया गया। संगठन को आर्थिक सहयोग करने वाले पेंशनरों को व पेंशनर समाज की मजबूती के लिए सतत कार्य करने वाले पेंशनरों को साल श्रीफल तथा अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। अंत में उपस्थित समस्त पेंशनरो को श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस दौरान माध्यमिक शाला कन्हारपुरी की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।




संघ की प्रमुख मांगे :

सम्मेलन में छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के बीच की धारा 49 (6) हटाने, लम्बित 4 प्रतिशत डीए जुलाई 2023 से दिए जाने, बैंकों द्वारा परिवार पेंशन जारी करने की प्रक्रिया शीघ्र करने, शासन द्वारा डीए का भुगतान केन्द्र के अनुरूप करने, 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 5 प्रतिशत, 70 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 10 प्रतिशत, 75 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 15 प्रतिशत अतरिक्त पेंशन दिए जाने की मांग की गई है।

## 28 से क्रिकेट प्रतियोगिता

**गुरूर।** बाजार चौक गुरूर में न्यू स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा चार दिवसीय रात्रिकालीन प्लास्टिक बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 28 दिसंबर से किया जाएगा, जिसका समापन 1 जनवरी को होगा। इसमें प्रथम पुरस्कार 5000 रूपये व द्वितीय पुरस्कार 3000 रूपये रखा गया है। जिसमें समिति के अध्यक्ष तोमेश्वर कुमार, उपाध्यक्ष टुमेन्द्र कुमार, सचिव खुबचंद, संरक्षक निखिल साहू, कप्तान महेश पटेल, उप कप्तान भूषण साहू के साथ नगरवासियों का सहयोग रहेगा।

हरिभूमि **पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### ग्राम दियाबाती में 23 से श्रीमद् ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन



**गुरूर।** ग्राम दियाबाती नयापारा में मां अन्नपूर्णा महिला समिति द्वारा श्रीमद् ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन 23 दिसंबर से किया जाएगा, कथा का समापन 31 दिसंबर को होगा। प्रथम दिवस बंदी पूजा, भागवत स्थापना, पूजा गोकर्ण कथा होगी। 24 को मंगलाचरण, धर्म-पृथ्वी संवाद, कलियुग को दंड, परीक्षित श्राप, सुकदेव जन्म, भागवत कथा प्रारंभ होगी। 25 को सृष्टि वर्णन, विदुर कथा, वराह अवतार, सती चरित्र, शिव विवाह की कथा होगी। 26 को ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नरसिंह अवतार, प्रहलाद चरित्र की कथा होगी। 27 को गजेन्द्र मोक्ष, सागर मंथन, देवासुर संग्राम, वामन अवतार, राजाबली प्रसंग कीकथा होगी। 28 को श्रीकृष्ण जन्म कथा, जन्म महोत्सव, पूतना वध, बाल लीला, माखन चोरी की कथा होगी। 29 को वृंद्रावन लीला, राम लीला, मथुरा गमन, कंश वध, रूखमणी मंगल कथा वर्णन होगी। 30 को श्री सुदामा चरित्र, द्वारिका लीला भाव, यदुवंश क्षय, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, चढ़ौती कथा होगी। 31 को गीता भार भाव, हवन पूर्णाहूति, कपिला तर्पण, सहस्त्र धारा स्नान कथा होगी।

### श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह शुरू



**बालोद।** शहर के आमापारा कॉलोनी आम बगीचा में शारदा महिला मंडल द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 19 दिसंबर से प्रारंभ हो गया है। जिसका समापन 27 दिसंबर को होगा। प्रवचनकर्ता पंडित अजय चतुर्वेदी महराज हैं। कक्षा का समय दोपहर 12.30 बजे से शाम 5 बजे तक है। आज मंगलवार को प्रथम दिन कलश यात्रा व गोकर्ण पूजा किया गया। बुधवार को कथा प्रारंभ होगी व वामन अवतार की कथा होगी। 21 को ध्रुवचरित्र, सती शिव चरित्र, कपिल वध अवतार की कथा होगी। 22 को जड़ भरत, भक्त प्रहलाद चरित्र कथा सुनाई जाएगी। 23 दिसंबर को वामन अवतार, राम कथा प्रारंभ होगी। 24 को कृष्ण जन्म, बाल चरित्र, दहीहांडी कार्यक्रम होगा। 25 को रूखमणी विवाह, गोवर्धन पूजा होगी। 26 को कथा विवरण, परिक्षित मोक्ष की कथा होगी। 27 को गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा, पूर्णाहूति की जाएगी। समिति के वार्ड नंबर 14 पार्षद चमेली साहू, अध्यक्ष हेमबाई वर्मा, चमनलता यादव, सुनंदा देशमुख, जागेश्वरी हरदेल, ममला यदु, टोनेश्वरी यदु, पूर्णिमा देशमुख, तारा भेडिंया, एस. नीलम रावत तथा वार्ड के लोग उपस्थित रहेंगे।

### 22 से राज्य स्तरीय तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन

**गुरूर।** ग्राम सनौद में श्रीराम मानस प्रचार समिति द्वारा राज्य स्तरीय तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 22 दिसंबर से प्रारंभ होगा व समापन 24 दिसंबर को होगा। 22 दिसंबर को श्रीराम आश्रय मानस मंडली सनौद व जय बजरंग मानस परिवार देवारभाट की प्रस्तुती होगी। 23 को जय मां सरस्वती महिला मानस मंडली सनौद, श्रीराम मानस परिवार बेलरगांव सिहावा, पारसमणी मानस परिवार पुरानी बस्ती रायपुर, मां गायत्री मानस मंडली सारंगपुरी कोण्डागांव, जय गुरूदेव संकीर्तन मानस मंडली फिंगेश्वर गरियाबंद, श्रीराम दरबार मानस परिवार चितमखार की प्रस्तुती होगी। 23 को शिव मानस मंडली सनौद, श्रद्वा सुमन बालिका मानस मंडली पचपेड़ी धमतरी, तुलसी मानस मंडली राजापयली खैरागढ़, राजहंस मानस परिवार सोनसायओला महासमुंद, चंचल ज्योति मानस मंडली छुही धमतरी, प्रचंड महाकाली जंगलिहा मानस परिवार कांकेर की प्रस्तुती होगी। आयोजक समिति केअध्यक्ष अंगलेश्वर सोनढेकवा, उपाध्यक्ष प्रेमलाल सोनबेर, सचिव मितेश सोनबेर, कोषाध्यक्ष एकनाथ सार्वा, सह सचिव सनत चटर्जी, संरक्षक लालबहादुर सोनबेर, लोचन विश्वकर्मा, चेतन गुरूपंच, जीवल लाल, फत्तेलाल सार्वा, सौखलाल, ध्रुवराम साहू, रामनारायण सार्वा, गयाराम सार्वा शामिल हैं।

योजना : विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव-गांव में हो रहा बेसब्री से इंतजार

# ग्रामीणों का शिविर में बन रहा आयुष्मान कार्ड मिल रहा उज्ज्वला गैस का कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के क्रम में जिले के ग्राम मनौद एवं कोहंगाटोला और डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम टटेंगा और ओरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इन शिविरों में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित हुए थे।

शिविर में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उन्हें इन योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां वितरित की गई।शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 05 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 05 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत 03 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 02 हितग्राहियों को किस्त की राशि का चेक वितरण किया गया। इसी तरह ग्राम मनौद में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 54 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 06 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत 06 हितग्राही को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 03 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन एवं 01 हितग्राहियों से केसीसी लोन हेतु आवेदन लिया गया।

इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम टटेंगा में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 57 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 45 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत 04 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 06 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया एवं 02 हितग्राहियों से केसीसी लोन हेतु आवेदन लिया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 05 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 06 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इसी तरह ग्राम औरी में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 110 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 09 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत 03 हितग्राही को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 01 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया।

## शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर किया गया नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा व छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम संपन्न

मंगलवार को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा व छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह का 44वां शहादत दिवस दल्ली राजहरा में गरिमापूर्ण रुप से मनाया गया।

विभिन्न जिलों से आये हुए मोर्चा के प्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं का सम्मेलन युनियन कार्यालय में सुबह 10 बजे से शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद कॉमरेड शंकर गुहा नियोगी व स्वर्गीय गणेश राम चौधरी के तैल चित्रो पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर आरंभ किया गया। जिसमें संगठन के भावी राजनीतिक कार्यक्रमों पर मोर्चा के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचारों को रखा। दोपहर 2 बजे कार्यकर्ता सम्मेलन की समाप्ति घोषणा करने पश्चात छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा कार्यालय से रैली के माध्यम से शहीद वीर नारायण सिंह के प्रतिमा स्थल पुराना बाजार चौक पर जाकर शहीद वीर नारायण सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वीर शहीद को लाल सलाम के गगनभेदी नारो के साथ लाल सलामी दिया गया व प्रतिमा स्थल पर आमसभा का आयोजन रखा गया। पूर्व विधायक कॉमरेड जनक लाल ठाकुर, वरिष्ठ कार्यकर्ता कॉमरेड लैलन कुमार साहू, नवाब जिलानी, छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ के अध्यक्ष कॉमरेड सोमनाथ उईके, वरिष्ठ साथी कॉमरेड राजाराम, कॉमरेड शैलेश बम्बोडे व कॉमरेड योगेश यादव (अध्यक्ष युवा बेरोजगार संघ) ने संबोधित किया।

## एनएसएस शिविर का हुआ समापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यमिक विद्यालय झलमला की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम जमरुवा में रखा गया था। इसका मंगलवार को समापन हुआ। आज 20 दिसंबर को प्रभात फेरी योग एवं परियोजना कार्य के बाद घर वापसी होगी। समापन अवसर पर ग्राम सरपंच इंदू सिन्हा एवं डॉक्टर किशोर साहू उपस्थिति थे। विशेष शिविर में सुबह प्रभात फेरी में परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचय एवं देशी खेल एवं सांस्कृतिक कार्य किया गया। परियोजना कार्य में स्वयंसेवकों द्वारा बाजार चौक, खेल मैदान, बजरंगबली मंदिर परिसर एवं गली की गलियों की सफाई का कार्य किया गया। बौद्धिक चर्चा में व्यक्तित्व विकास एवं एनएनएस से संबंधित जानकारी मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। इस शिविर में प्राचार्य कार्यक्रम अधिकारी गोमती भुआर्य एवं झलमला स्कूल के शिक्षक शिक्षको में दिव्या वेद्य एवं वीके पटेल, गंबेर, बीआर साहू, बी. साहू, लक्ष्मी साहू, राणा, देशमुख, देवेंद्र, लुकेश्वर, देवनाथ जितेंद्र का योगदान रहा।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में मनाया गया भाषा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





- राजस्थानी, असमी, उड़िया, गुजराती भाषा के प्रादेशिक गीतों का सांगीतिक गायन प्रस्तुत किया गया

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद में राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना हेतु बहुभाषावाद को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की बांग्ला रचना एकला चलो रे एवं सुब्रमण्यम भारती की तमिल रचना के अलावा राजस्थानी, असमी, उड़िया, गुजराती भाषा के प्रादेशिक गीतों का सांगीतिक गायन प्रस्तुत किया गया।

स्कूल शिक्षा मंत्रालय एवं राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छतीसगढ़ द्वारा निर्देशित भाषा उत्सव कार्यक्रम भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान एवं उत्सुकता की भावना जाग्रत करता है। प्राचार्य अरूण कुमार साहू के कहा कि भारतीय संस्कृति की निरंतरता, विविधता की सराहना तथा उनके प्रति समझ उत्पन्न करना ही छात्रों की रचनात्मक क्षमता को विरासत के मूल्यों से परिचित कराना है। छात्रों को भाषायी विविधता में भारत की अंतर्निहित एकता का अनुभव करने एवं आनंद लेने का अवसर प्रदान किया जाता है ताकि उनमें भाषाओं के प्रति रूचि, सहिष्णुता को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ किया जा सके। छात्र प्रतिनिधि मुस्कान ने अभिवादन करने की विभिन्न प्रादेशिक भाषाओं में रोचक जानकारी दी, छात्राओं ने प्रादेशिक गीतों की प्रस्तुति के साथ संवाद, सांस्कृतिक झलकी एवं राज्य की विशेषता की जानकारी दी। प्रतिभागी छात्र कलाकारों शिवम्, उज्जवल, समीर ने संगीत पक्ष वादन में तथा डाली, कीर्तिका, रीतिका, डिंपल, मनस्वी, ईशा ने गायन स्वर में सहयोग दिया।

## चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को तांदुला इको टुरिज्म पार्क परिसर में आयोजित विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के अधिकारी–कर्मचारियों के सम्मान समारोह में शामिल होकर अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी–कर्मचारियों ने उन्हें सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ की है। जिसके फलस्वरूप जिले में विधानसभा आम निर्वाचन का कार्य शांतिपूर्ण तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सका है। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री शर्मा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी अधिकारी–कर्मचारियों का सम्मान किया। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सबसे प्रमुख आवश्यकता अपने सहयोगियों का विश्वास कायम करना होता है। जिसे हमारे अधिकारी–कर्मचारियों ने पूरी टीम भावना के साथ बेहतरीन कार्य करते हुए सफलतापूर्वक पूरा किया है। श्री शर्मा ने कहा कि इस वर्ष का जिले का मतदान प्रतिशत पिछले विधानसभा आम निर्वाचन का मतदान प्रतिशत 82.43 से बढ़कर इस बार 83.51 प्रतिशत रहा है, जो की बहुत बड़ी उपलब्धि है।

पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने कहा कि जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों के बेहतरीन कार्यों के फलस्वरूप विधानसभा आम निर्वाचन के कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शातिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ है। जिसके फलस्वरूप पुलिस विभाग को भी अपने दायित्वों के निर्वहन करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई नही हुई। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने कहा कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है।

## एनएसएस शिविर में हुआ कवि सम्मेलन



**गुण्डरदेही।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम नाहंदा (डगनिया) में माता कर्मा महाविद्यालय गुण्डरदेही एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचांदुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। शिविर में रोजाना विविध कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं, जिसके अंतर्गत आंचलिक कवि सम्मेलन भी रखा गया। संचालन केशव राम साहू ने पंथी गीत के तर्ज पर गुरु घासीदास बाबा की महिमा का बखान किया। स्वच्छता से संबंधित संदेश कविता के माध्यम से माखनलाल साहू ने दिया। रमेश यादव ने बेटियों पर बड़ा ही भाव भावुक रचना का पाठ किया। शिवकुमार अंगारे ने प्राकृतिक वर्णन जड़ कला के संबंध में धरती के सिंगर का गीत प्रस्तुत किया। कृष्ण कुमार दीप ने गांव के तालाब में गंदगी ना फैलाकर सफाई रखने का संदेश बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। योगेश छत्तीसगढ़िया ने युवाओं में देशभक्ति का भाव जगाने रचना पढ़ी। विजय कुमार टंडन ने आधुनिक भोंडापन को छोड़कर पुरानी संस्कृति जिसमें प्यार, दुलार, स्नेह ऐसी भावों को संजोए रखे जाने की बात कही। इस अवसर पर डॉक्टर लीना साहू, रोशनी साहू, कार्यक्रम प्रभारी डीगेंद्र साहू, कोमल कुल्हारे एवं ग्राम पंचायत के सरपंच मंजू महेंद्र सोनकर उपस्थित थे।

## शिव महापुराण कथा सुनने पहुंचे विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



- कथा के तीसरे दिन भगवान शिव के स्वरूप व श्रृंगार का हुआ वर्णन

शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन सुबह गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने यज्ञ कर आहुति समर्पित किया। इसके बाद दोपहर से कथा प्रारंभ हुआ। कथावाचक प्रज्ञा पुत्र सुरेश कुमार दनि ने भगवान भोलेनाथ के स्वरूप के दर्शन की कथा कही। भोलेनाथ के श्रृंगार का वर्णन किया, जिसमें कहा गया कि चंद्रमा मन का प्रतीक है। सर्पहार सर्प जैसा हिंसक जीव शिव के अधीन है। त्रिशूल शिव के हाथ में एक मारक शस्त्र है।छाल शिव ने शरीर पर व्याघ्र चर्म यानी बाघ की खाल पहनी हुई है। भस्म शिव के शरीर पर भस्म लगी होती है। वृषभ शिव का वाहन वृषभ यानी बैल है। लोक संगीत और प्रज्ञा गीतों के बीच बह रही शिवभक्ति की अविरल धारा में सैकड़ों श्रद्धालु गोते लगाते रहे। दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर भी कथा सुनने पहुंचे और भगवान शंकर की पूजा- अर्चना की। कथावाचक ने विधायक का अक्षत तिलक कर और गायत्री मंत्र से सजी चादर पहना कर सम्मान किया। इसके साथ ही शिव पुराण कथा के आयोजक गायत्री परिवार महिला और प्रज्ञा मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों की ओर से दमित और चेकर टाइल्स लगाने की मांग पत्र भी विधायक को सौंपा गया। विधायक ललित ने इसे सहर्ष स्वीकार किया। इस दौरान ग्राम पंचायत कुथरेल की सरपंच राजश्री प्रेरणा चंद्राकर, पद्माकर चंद्राकर, अजीत चंद्राकर, चुम्मन चंद्राकर, रमाकांत देशमुख, किशोर देशमुख, यशवंत देशमुख, संतोष देवांगन भी मौजूद रहे।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसिन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### अयोध्याधाम से आया अक्षत कलश

**डौंडीलोहारा।** अयोध्या में भगवान श्रीरामजी के बाल स्वरुप विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा और दिव्य उत्सव संवत्सर विक्रम संवत 2080, शक संवत 1945 (शोभकृत संवत्सर), पौष। द्वादशी तिथि सोमवार पौष माह के शुक्ल पक्ष 22 जनवरी को साक्षी बनेंगे। इस पुनीत काज हेतु समग्र सनातन समाज को इस उत्सव में शामिल करने श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र अयोध्या धाम से पूजित अक्षत कलश, आमंत्रण पत्र और श्रीराम मंदिर का छाया चित्र मां गंगा मैया मंदिर झलमला में श्रद्धा और विश्वास के साथ लाकर स्थापित किया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत कलश को बालोद, गुण्डरदेही, डौण्डी लोहारा, डौण्डी, गुरूर व दल्लीराजहरा नगर को दिनांक 23 दिसंबर को सुबह 10:00 बजे मंदिर के पवित्र प्रांगण से सभी खंड व नगर को समर्पित किया जाना है।

### तीन से श्रीमद्भागवत महापुराण का आयोजन

**बालोद/निकुम।** जय बाबा मोंहदीपाठ मंदिर प्रांगण में आगामी



3 जनवरी से 11 जनवरी तक दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे प्रतिदिन श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन लिमतरा में किया गया है। जहां आश्रम प्रमुख कथावाचक संतश्री निरंजन महराज के श्रीमुख से कथा होगी। यह जानकारी आयोजक प्रमुख लखन देवांगन व सरपंच सुशीला देवांगन ने दिया।

### भाजपा सरकार ने मोदी की पहली गारंटी पर लगा दी मुहर : नरेश

**गुरूर।** प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रत्येक गरीब को



पक्का मकान के सपने को साकार करने की दिशा में कार्य आरंभ कर दिया है। सरकार दो साल का बोनस देने की भी घोषणा कर दी है। प्रदेश की खुशहाली एवं तरक्की का द्वार खुल गया है। बीते पांच सालों में ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरसना पड़ रहा था। अब ग्रामों में विकास की बयार बहने लगेगी। उक्त बातें जिला भाजपा मंत्री नरेश साहू ने कही। नरेश साहू ने कहा कि सूबे के मुखिया विष्णु देव साय द्वारा शपथ ग्रहण करने के बाद कैबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख प्रधान मंत्री आवास की मंजूरी एवं किसानों को 25 दिसंबर को दो सालों का बोनस दिए जाने का निर्णय लेकर विष्णु देव सरकार ने मोदी सरकार की पहली गारंटी पर मुहर लगा दी है। श्री साहू ने कहा कि भाजपा सरकार ने जो वादे किए उस पर काम करना भी शुरू कर दिया। यही मोदी सरकार की गारंटी भी है। गरीबों के इस मकान के लिए भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए विधानसभा घेराव सहित विधायकों के निवास का भी घेराव किया था।

### तैयारी : जिले के धार्मिक व दर्शनीय स्थलों में अभी से जुटने लगे पर्यटक

# परिवार व मित्रों संग सैर के साथ करें नए वर्ष की शुरुआत, जिले में हैं कई पर्यटन स्थल



### सियादेवी मंदिर

जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर ग्राम नारागाँव के जंगल में सियादेवी मंदिर स्थापित है, जो एक प्रमुख धार्मिक स्थल के साथ ही पर्यटन स्थल के लिए प्रसिद्ध है। जहाँ पर माता सियादेवी की प्राचीन मूर्ति स्थापित है। जहाँ पर पौराणिक काल से जुड़े तथ्यों की जानकारी मिलती है। वहीं इस मंदिर प्रांगण के आसपास माता सीता ,शंकर जी, माता पार्वती जी और गणेश जी कि अलावा और भी अन्य देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित है, इसके अलावा सियादेवी मंदिर जो चारों तरफ से प्रकृतिक जंगलों से घिरा हुआ है। जहाँ पर स्टाप डेम, झरना और कलकल करती जल कि धारा प्रवाहित नजर आती है जहाँ लोगों की भीड़ प्रत्येक मौसम मे लगी रहती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में ठण्ड के मौसम के साथ ही कुछ दिनों बाद शीतकालीन की छुट्टी के साथ ही क्रिसमस डे और नव वर्ष का आगमन होने वाला है। इसे देखते हुए जिले सहित पड़ोसी जिलों से लोग दोस्तों और परिजनों के साथ जिले के पिकनिक व दर्शनीय स्थलों में जाकर नववर्ष की शुरुआत करना चाहेंगे। जिले में इन दर्शनीय और पर्यटन स्थल से आप नए साल की शुरूआत कर सकते हैं।

### तांदुला बांध

बालोद शहर का एक मुख्य पर्यटन स्थल 100 साल पुराना तांदुला बाँध है। जहाँ दो जलाशय मिलकर तांदुला जलाशय का निर्माण करते है, दोनों जलाशय बहुत सुंदर हैं। दोनों जलाशय एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जहाँ पर्यटकों को बहुत सुंदर दृश्य देखने के लिए मिलता है। यह मुख्य तौर पर सिंचाई के लिए बनाया गया था, लेकिन अब यह पर्यटन के लिए भी एक मुख्य जगह बन गया है। तांदुला जलाशय मे बरसात के दिनों में बाँध किनारे के जंगलो में हरियाली रहती है साथ ही जलाशय में जल भराव का नजारा लोगों का मन मोह लेता है। वहीं ठंड के समय में इसके किनारे में शांति का एहसास होता है, यहाँ पर फोटो ग्राफी और प्राकृतिक सुंदरता का लुफ्त उठाया जा सकता है। वहीं जिला प्रशासन द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बोटिंग और रिसोर्ट भी बनाया गया है, जहाँ लोग रुक कर अपना छुट्टी व्यतीत कर सकते हैं।

### खरखरा बांध

डौण्डी लोहारा ब्लॉक में स्थित पर्यटन स्थल में शामिल खरखरा जलाशय एक सुंदर जलाशय है। यह जलाशय चारों तरफ से जंगलों और जंगलों से घिरा हुआ है। इस जलाशय का उपयोग मुख्यतः सिंचाई के लिए किया जाता है। जहाँ पर लोगों को जलभराव जलाशय का नजारा देखने को मिलता है और हरियाली बिखरी प्रकृति की छटा भी देखने को मिलती है, जो लोगों का मन मोह लेती है। वहीं, बरसात के समय खरखरा बांध का पानी ओवरफ्लो होता है जो जलप्रपात जैसा नजारा देखने को मिलता है। यहां पर लोगों की भीड़ हमेशा लगी रहती है, जहाँ लोगों की दूर दूर से पिकनिक मनाने पहुँचते है।

### पाटेश्वर धाम

डौण्डी लोहारा ब्लॉक में स्थित एक प्रमुख धार्मिक स्थलों में एक पाटेश्वर धाम है। जहाँ पर 108 फीट ऊंचा हनुमान जी का एक बहुत बड़ा मंदिर देखने मिलता है, जो लाल पत्थरों से बना हुआ है। साथ ही पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा देखने के लिए मिलती है। इसके साथ ही पाटेश्वर धाम में शिवलिंग के अलावा श्री राम, जानकी जी सहित अन्य देवी देवताओं कि मूर्तियां स्थापित हैं, जहाँ पर एक कुंड स्थापित है। इस कुंड के बीच में गंगा जी की प्रतिमा स्थापित है, इस कुंड को स्वर्ग गंगा कुंड कहा जाता है।

### किल्ले वाली पहाड़ी

जिले के लौह नगरी दल्ली राजहरा से महज 5 किलोमीटर दूर किल्ले वाली माता का मंदिर है। किल्ले वाली माता का मंदिर एक धार्मिक स्थल के साथ ही प्राकृतिक पर्यटन स्थल भी है, क्योंकि यहां पर चारों तरफ आप को हरा भरा जंगल और जहाँ से बोड्डी डैम का सुंदर दृश्य देखने के लिए मिलता है। जहाँ पर मां काली और दुर्गा जी की प्रतिमाएं विराजमान है। यह मंदिर ऊंची पहाड़ी पर बना हुआ है। पहाड़ी तक जाने के लिए सीढ़ियां बनाई गई है। जो एक धार्मिक स्थल के साथ ही पिकनिक स्पॉट के लिए प्रसिद्ध है।

### भोला पठार

जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर ग्राम परेंगुड़ा भोला पठार का मंदिर स्थित है। धार्मिक मान्यता है की शंकर भगवान ने यहां पर आकर तपस्या किए थे। इसलिए इस जगह की मान्यता बहुत ही ज्यादा है, वहीं यहाँ पर एक कुंड है जहाँ का जल कभी नहीं सूखता, भोला पठार जो चारों तरफ जंगल और ऊंची पहाड़ी पर स्थित है, जहाँ से सुंदर दृश्य देखने को मिलता है। भोला पठार पर शिव भगवान जी की मूर्ति के दर्शन करने के लिए मिलते हैं। जहाँ पर हनुमान जी, दुर्गा माता, काली माता, राम और लक्ष्मण जी और भीम के पैर के पदचिन्ह के भी दर्शन कर सकते हैं।

### ओनाकोना

जिले के गुरुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम ओनाकोना एक प्रसिद्ध स्थल है जो शिव मंदिर और गंगरेल बाँध का डुबान क्षेत्र के साथ पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है। जहाँ पर प्रकृति जंगल जल और पिकनिक के लिए पर्याप्त जगह लोगों को उपलब्ध हो जाता है। जहाँ पर पर्यटकों को ग्रामीण अंचल के नाव भी आसानी से उपलब्ध हो जाते है। जो फोटो ग्राफी वीडियो के साथ ही पिकनिक स्पॉट के लिए प्रसिद्ध है। इसके अतिरिक्त ग्राम झलमला स्थित गंगा मईया मंदिर प्रदेश में स्थापित है। गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पेटेचुआ मे कंकालीन मंदिर एव खारून नदी का उद्गम स्थल है। बालोद से सियादेवी मार्ग मे जंगल के मध्य स्थित रानीमाई मंदिर भी एक प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से स्थापित है। जिला मुख्यालय में कपिलेश्वर मंदिर प्रांगण में स्थित कल्चुरी कालीन मंदिरों की श्रृखला व कुण्ड पर्यटन के साथ ज्ञान वृद्वि व अपने इतिहास को जानने, समझने का एक माध्यम हो सकता है। त्रिवेणी संगम में स्थित गौरेया धाम चौरेल भी पर्यटको की पसंद है, ग्राम मालिघोरी में स्थित कुकुरदेव मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था के साथ स्वामी भक्त कुत्ते की कहानी से रूबरू कराता है।

## नए साल में सैर-सपाटे की तैयारी, अभी से कर रहे






**दल्लीराजहरा।** छुट्टियों में हर किसी की ख्वाहिश रहती है कि कहीं दूर जाकर सैर सपाटा किया जाए। ज्यादातर लोग गोवा, शिमला, मनाली या समुद्र किनारे जाना पसंद करते हैं। चूंकि इन दिनों सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है और स्कूल कॉलेज इसमें छुट्टियां हो चुकी है।

इसके साथ ही क्रिसमस और नए साल के जश्न का माहौल बना हुआ है। ऐसे में हर कोई अपने परिवार और दोस्तों संग एक अच्छा समय व्यतीत करने के लिए पिकनिक स्पॉट और पर्यटन स्थलों में घूमने फिरने के लिए पहुंचते हैं। वर्तमान में उस जगह पर हर दिन हजारों लोग घूमने के लिए पहुंच रहे हैं, जहां कभी एक कोयले की खदान हुआ करती थी, उस जगह को प्रशासन ने कायाकल्प कर एक मिनी गोवा के रूप में विकसित कर दिया है। वहां अब साल भर लोगों का सैर सपाटा लगा रहता है और इस ठंड के मौसम में इस जगह को खूब पसंद किया जा रहा है।

घूमने-फिरने का शौक रखने वाले पर्यटक पिछली बार की तरह इस बार फिर नए साल की छुट्टियां मनाने के लिए दूर देशों की यात्रा करेंगे। इस बार बैंकाक, थाईलैंड, नेपाल के अलावा आस्ट्रेलिया, दुबई, सिंगापुर के हवाई टिकट की बुकिंग हो रही है। इसके अलावा देश के भीतर उदयपुर, गंगटोक, केरल और गोवा जैसे राज्यों की यात्रा के लिए टिकट की डिमांड अधिक है। रायपुर से दिल्ली के बीच नियमित उड़ान का संचालन होता है, दिसंबर के अंतिम सप्ताह में इसका किराया सात हजार के पार हो चुका है।

### लगातार हो रही टिकट बुकिंग

दल्लीराजहरा में एक ट्रेवल्स कंपनी के संचालक संतोष कुमार यादव ने बताया कि दिसंबर के अंतिम से लेकर जनवरी के शुरुआती सप्ताह तक लगातार विभिन्न शहरों के लिए टिकटों की बुकिंग हो रही है। पर्यटन स्थल के अलावा लोग धार्मिक स्थलों पर घूमने-फिरने के लिए भी टिकटों की बुकिंग करा रहे हैं। राज्य से हर साल बड़ी संख्या में लोग घूमने-फिरने के लिए दूसरे देशों की यात्रा करते हैं।

### विदेश यात्राओं के भी बन रहे कार्यक्रम

ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में एक बड़ा वर्ग छुट्टियों का मजा घूम-फिरकर उठाता है। दिसंबर का एक पखवाड़ा बीत चुका है, जिसके चलते नए साल की छुट्टियां मनाने लोगों ने प्रोग्राम बनाना शुरू कर दिया है। बाद की परेशानी से बचने के लिए विभिन्न शहरों के लिए एयर टिकट बुक भी हो रहे हैं। अनुमान के मुताबिक पिछली बार की तुलना में इस बार नए साल की छुट्टियां बिताने के लिए सैकड़ों लोग दूसरे देश और दूसरे राज्यों की यात्रा करेंगे। जानकारी के मुताबिक इस बार भी बड़ा प्रोग्राम बनाने वालों ने नेपाल, सिंगापुर, थाइलैंड, बाली, दुबई, युरोप, आस्ट्रेलिया जैसे देशों के लिए टिकट की बुकिंग कराई है। वहीं कम खर्च में घूमने-फिरने का मजा लेने वालों की पहली पसंद गोवा बना हुआ है। साथ ही उदयपुर, जैसलमेर, बेंगलुरु, गंगटोक, केरल के अलावा मुंबई, हैदराबाद, इंदौर की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या भी काफी अधिक है।




## मुक्ताश्रम हथौद में 23 और 24 को मनाई जाएगी गीता जयंती

**बालोद।** वेदांत की उर्वरा भूमि महर्षि मुक्त न्यास द्वारा संचालित मुक्ताश्रम हथौद में आश्रम समिति, योग वेदान्त समिति जिला बालोद, संस्कृत भारती और आयोजन प्रमुख पुरुषोत्तम सिंह राजपूत की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई।

इस बैठक में आगामी 23 और 24 दिसंबर को आश्रम परिसर में गीता जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। प्रमुख वेदांत प्रवक्ता और नाड़ो वैद्य पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने बताया कि 22 दिसंबर शुक्रवार को प्रातः सदगुरू महर्षि मुक्त मंदिर के जीर्णोद्धार स्वरुप टाईल्स फिटींग के बाद गुरु नारायण की पुनस्थापना, आचार्य मनोज शर्मा द्वारा पूजा-अर्चना किया जाएगा। प्रातः 8 बजे, श्रीमद् भगवद्गीता ज्ञान परीक्षा मुक्ता श्रम में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर हथौद में होगा। साथ में मातृ सम्मेलन होगा। 23 दिसंबर को भगवान योगेश्वर श्रीकृष्ण और श्री मद्भागवद्गीता की पूजा पश्चात आद्योपांत, गीता परायण, पारंगत संस्कृत भारती, योग, वेदांत और मुक्तानुचर उपासकों द्वारा दोपहर को महाप्रसादी होगा।

## कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारा का दिया निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में जिले में आयोजित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में श्री शर्मा ने अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारीयों योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित कराने के निर्देश दिए हैं। शिविरों में केंद्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित कराए गए कुल हितग्राहियों के संख्या के संबंध में योजनावार समीक्षा की। बैठक में श्री शर्मा ने अधिकारियों को वर्तमान में जिले को प्राप्त 02 वाहनों के हिसाब से जिले में प्रतिदिन 04 शिविर अनिवार्य रूप से आयोजित कराने के निर्देश दिए है। शर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों में प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को अब तक प्रदान किए गए कुल रसोई गैस कनेक्शन की जानकारी ली। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत शिविरों में अब तक जारी किए गए कुल आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी ली। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के कार्यों के संबंध में भी जानकारी ली।बैठक में उन्होंने कृषि विभाग के उप संचालक को शिविरों में बनाए जा रहे किसानों के क्रेडिट कार्ड के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों एवं तहसीलदारों तथा नायब तहसीलदारों को शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। पटवारियों एवं राजस्व निरीक्षकों की अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा सीमांकन हेतु प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदन प्राप्ति के एक दिन बाद संबंधित जमीन का सीमांकन कराने को कहा।

## एकलव्य कॉलेज में हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौडीलोहारा

शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डीलोहारा में 14 दिसम्बर को रेड रिबन क्लब के प्रथम वार्षिकी उन्मुखीकरण कार्यक्रम रेड रिबन क्लब व भारतीय यूथ रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में स्वयं सेवकों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी राजू लाल कोसरे (प्राचार्य), सहप्रभारी नेहा ध्रुवे, व नंदकिशोर सिन्हा के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में वाचन श्रीमती नीतू मंडावी, सहायक संचालक छ.ग. राज्य एड्स नियंत्रण बोर्ड, रायपुर के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं को व्याख्यान दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे ने बताया कि इस कार्यक्रम में महाविद्यालय वनस्पतिशास्त्र के सहायक प्राध्यापक पुरूषोत्तम भुआर्य, इतिहास के सहायक प्राध्यापक प्रदीप कुमार खरे, रसायन शास्त्र के अतिथि व्याख्याता कुलेश्वर पटेल व समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान, शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

## थाना प्रभारी ने सायबर क्राइम पर अपने अनुभव किया साझा






हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

सात दिवसीय शिविर के 5वें दिन स्वयंसेवकों को थाना प्रभारी गुंडरदेही वीना यादव ने साइबर क्राइम और नशा पर और विशेष कानून व्यवस्था पर अपनी बात रखी व अपना अनुभव साझा किया। सांयकालीन सत्र में स्वयं सेवकों ने ग्राम संपर्क किया एवं देशी खेल खेले। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वयं सेवकों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें नशा मुक्त समाज के लिए नाटक के माध्यम से संदेश दिया। इस कार्यक्रम में विशेष सानिध्य लीना साहू जिला संगठक बालोद, ग्राम सरपंच मंजू महेंद्र सोनकर, काशी सोनकर, परसदा सरपंच कुलदीप साहू, डगनीया सरपंच टिकेश्वर साहू, आभार कार्यक्रम अधिकारी रोशनी साहू, मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी डीगेंद्र साहू के.के. सिन्हा, कौशल गजेंद्र, किशोर साहू के साथ ही लुकेश, भारती छाया, तोशिका, जयश्री, यामिनी, माधुरी, रुद्रप्रताप, रोशन, डिकेश और समस्त स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से
23 दिसंबर से 02 जनवरी 2024
सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग,
श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 20 दिसंबर 2023

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 बीएसपी के ठेका श्रमिकों का अब धीरज खत्म, बीस को करेंगे प्रदर्शन



12 हैवी ट्रैफिक को कम करने ग्रीन चौक से सूर्या होटल …



## खबर संक्षेप



### पार्षद धरम ने स्कूल को दिया स्मार्ट टीवी

**बेमेतरा।** शहर के मोहभट्ठा वार्ड नंबर 6 के पार्षद धरम सिंह वर्मा ने वार्ड के शासकीय प्राथमिक शाला में बच्चों को सीखने सिखाने में शिक्षकों की सहायता मिले इस भावना से स्मार्ट टीवी प्रदाय किया । प्रधान पाठक ने स्मार्ट टीवी के लिए पार्षद के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इसके उपयोग से शिक्षण कार्य अच्छा और प्रभावशाली के साथ ही रोचक होगा। इससे बच्चों को सीखने सिखाने में मदद मिलेगी । इस दौरान शाला के सभी शिक्षक एवं प्रधानपाठक उपस्थित रहे। ।

### जिले मे मनाया जाएगा सुशासन दिवस 25 को

**बेमेतरा।** जिले में 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि 25 दिसंबर के पूर्व, ग्राम पंचायतों में पूर्व से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई, आवश्यक मरम्मत, आदि कराया जाना है। ग्राम एवं पंचायतों में स्वच्छता अभियान 25 दिसंबर से प्रारंभ होकर आगामी एक सप्ताह नियमित संचालित किया जाना है। सुशासन दिवस निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, आम जनता की उपस्थिति में प्रातः 10 बजे अटल चौक में प्रारंभ किया जाना है। सुशासन दिवस अवसर पर अटल चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर मल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलन पश्चात उपस्थित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा ग्राम तथा ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने व जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान करने, संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता अभियान के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाना और सुशासन दिवस के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को याद करना है। इसके अलावा, इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम पंचायतों में सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया जाएगा। इस कार्यक्रम से जिले में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा मिलेगा और सुशासन के प्रति जागरुकता बढ़ेगी। इसके अलावा, यह कार्यक्रम ग्राम पंचायतों में सुशासन को बढ़ावा देने में मददगार होगा।

### पिता के साथ झगड़ा करने से रोकने पर पीटा

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक युवक ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कृष्णा भोई ने महेंद्र तथा उमा भोई के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

**जयंती :** बेरला क्षेत्र के ग्राम सुरहोली एवं ग्राम कुम्ही में हर्षोल्लास से मनी गुरु घासीदास जयंती

# शांति का प्रतीक है सतनाम पंथ का सफेद ध्वज : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुरहोली एवं ग्राम पंचायत कुम्ही में आयोजित बाबा गुरू घासीदास जयंती समारोह में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने बाबा गुरु घासीदास के तैलचित्र में माल्यार्पण एवं जैतखाम की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना किए ओर अपने विचार व्यक्त करते श्री छाबड़ा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी एक ऐसे संत थे, जिन्होंने मानवता को बचाने के लिए मानव-मानव एक समान का संदेश दिया, ऊन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए समानता, भाईचारा, प्रेम और सद्भाव का भी संदेश दिया,गुरु घासीदास बाबा ने पूरी मानवता को सत्य, अहिंसा, प्रेम, शांति एवं भाईचारा का रास्ता दिखाया,बाबा ने जातिविहीन समाज की परिकल्पना करके सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिए। श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि संत किसी एक समाज के नही पूरे मानव समाज के होते हैं,बाबा गुरू घासीदास का यह संदेश सभी समाजों के लिए अनुकरणीय है।



### ये रहे उपस्थित

समारोह में रामेश्वर देवागन, लूकेष वर्मा अध्यक्ष , अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला हीरादेवी वर्मा ,रवि परगनिया सरपंच तारालीम,रोशन वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति कुसमी, हेमत चंदेल अध्यक्ष ब्लाक सतनामी समाज,अजीत कुमार,ममता वर्मा अध्यक्ष सरपंच संघ,मनीष टंडन सरपंच, ओमप्रकाश साहू सरपंच,सोमेश वर्मा,अजय वर्मा, टिकेंद्र परगनिया, विकास वर्मा,तारण यादव,प्रदीप परगनिया,उबारन दास बघेल,फिरंता राम,रविशंकर साहू, धनराज साहू, विकास टडन,प्रदीप टडन, भूपेन्द्र कुर्रे,अमरदास कुर्रे,अनुपचन्द गायकवाड़, भीखम चंद गायकवाड़, मानकचंद कुर्रे, शांतिलाल कुर्रे,मनोज राय,रूपेंद्र कुर्रे, तीरथ राम, शत्रुहनदास भारती,लालाराम डहरिया, फलकुमार पात्रे,कृष्णा दास भारती,ललित सतनामी,सुकुलदास टडन,मकसूदन,जगदीश भारती सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता ग्रामवासी रहे उपस्थित

### जिले में मनेगा गुरु घासीदास जयंती सप्ताह

**बेमेतरा।** प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 18 दिसंबर से 25 दिसंबर के मध्य गुरु घासीदास जयंती सप्ताह के रूप में आयोजित किया जायेगा । जिसमें जिला स्तर पर पंथी नृत्य का आयोजन किए जाने तथा पंथी नृत्य के अलावा निबंध लेखन, वाद-विवाद, चित्रकला प्रतियोगिता को भी शामिल किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। उक्त निर्देशानुसार जिला बेमेतरा अन्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की पारम्परिक लोककला में कलाकारो की प्रतिमा की पहचान करने एवं उन्हें पुरस्कृत करने के लिए जिला स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव 22 दिसम्बर को शा.पो.मै. अनु जाति बालक छात्रावास बेमेतरा में रखा जाना है। गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव हेतु जिला स्तर पर पंथी नृत्य प्रतियोगिता आयोजन के लिए 21 दिसम्बर सायं 5 बजे तक आवेदन पत्र लेंगे। उक्त कार्यक्रम में समाज प्रमुखों को भी आमंत्रित किया गया है।

## बेरला में गुरु घासीदास जयंती पर निकली शोभायात्रा



**बेमेतरा।** गुरु घासीदास की 267वीं जयंती पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी विधनसभा क्षेत्र के बेरला में आयोजित शोभायात्रा के समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। किसान नेता योगेश तिवारी के सानिध्य में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के लोग बढ़ चढ़कर शामिल हुए।

शोभायात्रा में गुरु बाल दास सतनाम सेना के अखाड़े से आये सतनाम सेना के लोगों ने जगह जगह अपने शौर्य का प्रदर्शन किये उसे देखकर बेरला के लोगों ने बहुत उत्साह वर्धन किया वही जगह-जगह समाज के लोगों की ओर से स्वल्पाहार का वितरण किया गया। इस अवसर पर किसान नेता ने सतनाम सेना के लोगों के द्वारा किए जा रहे ईस शौर्य प्रदर्शन का तारीफ़ किये और कहा कि गुरु के संदेश आज के संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक है । बाबा ने उस समय के समाज में प्रचलित ऊंच-नीच, भेद-भाव, छूआछूत का प्रबल विरोध किया। मनखे-मनखे एक समान का उपदेश दिया । बाबा की यही भावना को बाबा साहेब अम्बेडकर ने हमारे संविधान की प्रस्तावना में भी शामिल किया है । आपसी मतभेद से नहीं बल्कि सामाजिक समरसता से ही समाज एवं देश का विकास होता है ।

**आयोजन में बड़ी संख्या में समाज के लोग व प्रतिनिधि हुए शामिल :** कार्यक्रम मे नगर पंचायत के अध्यक्ष राज बिहारी कुरे और पूर्व पार्षद सुनील कुरे रवि गडपाले, सौरभ मिश्रा, नीलकंठ पटेल, पीयूष शर्मा मनोज सिन्हा, नेरेश बलराम बंजारे, यशवंत, वाई के डिडोरे, सेवा निवृत उपसंचालक जिला मत्स्य विभाग, होरीलाल सिन्हा, सजनी यादव, विजय डेहरे, आगर दास डेहरे, मूलचंद बंजारे, खेमसीह बारले, खिलावन जांगड़े, शांति लाल बांधे , भारद्वाज जी, डॉक्टर विजय कुरे जी, डॉक्टर सोहित कुमार रात्रे, पी आर पाटले, देवदास सोनवानी, जयप्रकाश सोनवानी, सनत सोनवानी बाबूलाल मारकंडे, भारती दया सोनवानी, धनी मारकंडे, राजेन्द्र बंजारे, टापू सोनवानी, बद्री मारकंडे, राजू सोनवानी, आदि उपस्थित थे।

# लोक सेवा गारंटी योजना की अधिसूचित सेवाएं समय-सीमा में उपलब्ध कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक
- अधिकारियों ने ऊर्जा संरक्षण का लिया संकल्प

कलेक्टर पी.एस.एल्मा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक हुई। बैठक की शुरुआत में कलेक्टर श्री एल्मा ने ज़िले में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विभाग निर्माण कार्यो की समीक्षा भी करें। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की जानकारी लेते हुए कहा कि बच्चों को छात्रवृत्ति मिले इस की भी समीक्षा की जाए। कोई समस्या हो तो तत्काल अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी कार्यालय लोक सेवा गांरटी के तहत अधिसूचित सेवाएं आवेदन कर्ता को समय-सीमा में उपलब्ध करायें। ताकि शासन के प्रति उनका और विश्वास बढ़े। उन्होंने अधिकारियों से बीते 16 तारीख से जिले में चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी ली। उन्होंने ने भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं सभी विभागों के विकासमूलक कार्यों का यात्रा के माध्यम से प्रदर्शन करने व हितग्राहियों को योजनाओं लाभान्वित करने की बात कही। कलेक्टर ने बैठक में ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर ऊर्जा संरक्षण का संकल्प लिया।



### धान खरीदी व उठाव की ली जानकारी

कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने ज़िले में अब तक धान ख़रीदी और उठाव की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों खासतौर पर वंचित लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने प्रारंभ किए जा रहे "विकसित भारत संकल्प यात्रा" के सफल आयोजन के लिए जिला अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आज जनता को जो सरकारी योजनाओं का लाभ दे सकते है, उन्हें दें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत , अपर कलेक्टर डॉ.अनिल बाजपेयी, बेमेतरा और बेरला एसडीएम, सुश्री सुरुचि सिंह, युगल किशोर उर्वशा सहित विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारी उपस्थित थे।

### पात्र हितग्राहियों को दिलाएं लाभ

कलेक्टर श्री एल्मा ने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं जैसे आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए पीएम आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वच्छ पेयजल सुविधा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना,प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं मिशन के माध्यम से सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएँ सुलभ बनाने हेतु जागरुकता सुनिश्चित किया जाए। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाया जा सके। उन्होंने लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। प्रकरणों को समय पर निराकरण के निर्देश दिए।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया सुशासन सप्ताह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग और अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने आज नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र के भीम सभागार में सुशासन सप्ताह समारोह का शुभारंभ किया। सुशासन सप्ताह 19 दिसंबर से 25 दिसंबर सुशासन दिवस तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर पी.एस.एल्मा कलेक्ट्रेट से वर्चुअल माध्यम से समारोह में शामिल हुए।



केंद्रीय राज्य मंत्री श्री सिंह ने गहन डेटा विश्लेषण की सुविधा और केंद्रीय सचिवालय में निर्णय लेने को मजबूत करने के लिए ई-ऑफिस एडवांस्ड एनालिटिक्स डैशबोर्ड, नागरिकों को आवाज आधारित फाइलिंग सहित अपने मोबाइल फोन से अपनी शिकायतें दर्ज करने में सक्षम बनाने के लिए केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली के मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ किया। डॉ. जितेंद्र सिंह वर्ष 2014 से 2023 तक 25 क्षेत्रीय सम्मेलनों की यात्रा पर एक विशेष पुस्तिका और केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली की वार्षिक रिपोर्ट 2023 जारी करेंगे। डॉ. जितेंद्र सिंह विशेष अभियान 3.0 के दौरान मंत्रालयों- विभागों द्वारा सर्वोत्तम प्रथाओं पर एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन और विशेष अभियान 3.0 के परिणामों पर एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया।

## नवागढ़ में निकली सतनाम शोभायात्रा



**नवागढ़।** बाबा गुरु घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर नवागढ़ नगर में आयोजित सतनाम शोभा यात्रा में भाजपा नेत्री व समाज की महिला संघ की कार्यकारी जिलाध्यक्ष मधु रॉय अपनी महिला सदस्यों के साथ शामिल हुई। उन्होंने मिनीमाता चौक पर पुष्प अर्पित कर सभी को बाबा की जयंती पर अपनी शुभकामनाएं दी।

# लोकेश का पक्का मकान बनाने का सपना हुआ साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्रधानमंत्री आवास योजना से प्राप्त राशि के सहयोग से बनाया अपना घर

हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका अपना एक व्यवस्थित आशियाना हो, जिसमें वह सुकून से अपने परिवार के साथ गुजर बसर कर सके। ऐसा ही सपना बेमेतरा के ग्राम चमारी, निवासी लोकेश साहू का रहा, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए हकीकत में साकार हुआ। लोकेश ने बताया कि पहले कच्चे मकान में कई सालों से रहते आए हैं, छप्पर की छत होने की वजह से उस मकान में बरसात के मौसम में पानी रिस कर आता था, जिससे उन्हें रहने में भारी समस्या होती थी। उन्होंने यह भी बताया कि वे पेशे से मजदूर है और घर में जब बरसात के मौसम में पानी टपकता, तो उस वजह से कभी नींद भी पूरी नहीं हो पाती थी। नींद पूरी न होने की वजह से मजदूरी का काम भी बहुत अधिक प्रभावित होता था। इन सब कारणों की वजह से लंबे समय से उनका सपना रहा कि स्वयं का एक पक्का मकान बनाया जाए। लेकिन आर्थिक तंगी के कारण वे ऐसा नहीं कर पा रहे थे। उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी मिली और उन्होंने अपना पक्का मकान बनाने का सपना साकार किया। अब वे निश्चिंत होकर परिवार के साथ स्वयं के मकान में रहने लगे हैं। लोकेश ने सरकार को धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से आर्थिक तंगी से गुजर रहे उन लोगों को भी अपना आशियाना बनाने का मौका मिल रहा है जो मिट्टी के जर्जर मकानों में रह रहे थे।



**राष्ट्रपति अवार्ड मिलना गर्व का पलः प्राचार्य जायसवाल**

# डीएवी जांता के संस्कृत की शिक्षिका नई दिल्ली में राष्ट्रपति पुरस्कार से हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी

- परिवार वाले में आयोजन में रहे मौजूद

संस्कृत शिक्षिका एवं राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लाल बहादुर शास्त्री नई दिल्ली की एमएड की टॉपर छात्रा रही सुमित्रा पटेल को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल, सर्टिफिकेट तथा नकद 40 हजार रुपए से सम्मानित किया हैं।

दाढ़ी तहसील से महज 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता जो की सीबीएसई शिक्षण संस्थान है। जहां अनेक उपलब्धियां विद्यालय के छात्र छात्रों व शिक्षकगण हासिल करते जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर यहाँ के छात्र-छात्राएं अनेकों बार पुरस्कृत हो



चुके हैं। विद्यालय की संस्कृत शिक्षिका सुमित्रा पटेल को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल व सर्टिफिकेट तथा नकद राशि 40 हजार रुपए के साथ में सम्मानित किया। इस अवसर पर सुमित्रा पटेल के परिवार वाले भी दीक्षांत समारोह नई दिल्ली में शामिल हुए । इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी ने सुमित्रा पटेल को बधाई व शुभकामना देते हुए कहा कि आप सच में भारत की बेटी हैं। बेटियों को सम्मानित करते हुए मुझें भी बड़ी गर्व होता हैं। बेटियाँ के सहयोग से सन-2047 तक एक विकसित राष्ट्र सुनिश्चित करना होगा। यह ज्ञान की सदी है और एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य आधारित वसुधैव कुटुंबकम की सहस्राब्दी मूल्यों के लिए आपकी उपलब्धियां हैं । छत्तीसगढ़ डीएवी संस्थान के प्रमुख व डिप्टी रीजनल ऑफिसर प्रशांत कुमार व सहायक क्षेत्रीय अधिकारी प्रक्षेप डॉ. बीपी साहू ने भी शिक्षिका को शुभकामनाएं दीं।

शिक्षक ललित देवागन,राहुल पटेल,अखिलेश पटेल, ज्ञानेश्वर साहू, निशु गुप्ता,अनिल कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, अमित कुमार,गोविंद साहू,आयुषी जैन,कैलाश सिंह, राजा तनतुवे,छोटू राम साहू, मनीषा सोनी,सविता साहू, रेणुका पटेल, रितिका साहू, आरती धीवर, सरिता साहू, सुमित्रा पटेल, दीपिका वर्मा, सुखदेव साहू ,विजय चंद्राकर, गीता साहू, नरेश साहू छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में अभिभावकों ने इस उपलब्धि हेतु बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### गर्व का विषय

डीएवी जांता के संस्था प्रमुख पीएल जायसवाल ने बताया कि हमारे विद्यालय की शिक्षिका सुश्री सुमित्रा पटेल को उनके उपलब्धि हेतु राष्ट्रपति पुरस्कार मिला है यह निश्चित ही गर्व के विषय है। शिक्षिका पटेल के बारे में बताते हुए श्री जायसवाल ने बताया कि कॉफी मेहनती व लग्नशील शिक्षिका है। वह पूर्व में गुरुकुल की छात्रा रही है। आर्य समाज से जुड़े हुए होने के कारण विद्यालय में बच्चों में उनकी नैतिक गुण,नैतिक शिक्षा,संस्कार आदि बच्चों में निखर कर आ रहे हैं ।

हरिभूमि

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### इंटर्नशिप के लिए तीन छात्रों का चयन

दुर्ग। भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग के विधि विभाग के बीएएलएलबी और बीकाम एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के तीन छात्र-छात्राओं का चयन लेक्स एक्सप्लोरर, दिल्ली की प्रतिष्ठित कंपनी में इंटर्नशिप के लिए हुआ है। बीएएलएलबी की छात्रा पायल अगलावे और सोनम सिंह तथा बीकामएलएलबी के छात्र आकाश मित्रा का चयन शोध आधारित इंटर्नशिप के लिए हुआ है। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर भारती विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति सुशील चन्द्राकर, ज्वाइंट डायरेक्टर शालिनी चंद्राकर, माननीय कुलपति डा. आलोक भट्ट, विधि विभाग के संकायाध्यक्ष डा. मुकेश कुमार राय, विभागाध्यक्ष डा. शोभा सिंह ठाकुर एवं अन्य प्राध्यापकों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। ज्ञात हो कि इससे पूर्व एलएलबी के छात्र यमन कुमार का चयन प्रतिष्ठित कंपनी में इंटर्नशिप के लिए हुआ है। विधि विभाग के प्रति छात्र-छात्राओं का रूझान लगातार बढ़ रहा है। विभाग में अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ मूटकोर्ट, ट्रायल एडवोकेसी और छात्र-छात्राओं के व्यावहारिक ज्ञान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ रहा है। भारती विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल की प्रभारी सहायक प्राध्यापक सुश्री श्रुती राव के द्वारा लगातार छात्र-छात्राओं को रिज्यूमे निर्माण, कवर लेटर, लिंक्डइन प्रोफाइल निर्माण के साथ-साथ साक्षात्कार इत्यादि की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

### कांग्रेस ने किया राज, भाजपा करेगी सेवा

दुर्ग। युवा मोर्चा के नेता प्रदेश सह कोषाध्यक्ष नितेश साहू ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, 2018 विधान सभा में प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को जनादेश दिया था जिसका पूरा दुरुपयोग कांग्रेसी नेताओं ने किया और छत्तीसगढ़ को लूटने का काम किया। प्रदेश के संसाधनों का जम कर दुरुपयोग किया गया और जनता के पैसों से खुलेआम भ्रष्टाचार किया। प्रदेश की जनता आवास पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस गई थी।

### से-1 बॉक्सिंग क्लब के दो मुक्केबाजों का चयन

भिलाई। सेक्टर-1 बॉक्सिंग क्लब के कोच




कुलदीप सोनकर ने बताया कि यूनिवर्सिटी ज़ोनल चैंपियनशिप का आयोजन चंडीगढ़ में 20 से 23 दिसंबर तक किया जा रहा हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सेक्टर-1 बॉक्सिंग क्लब का मुक्केबाज सूरज सिंह का 63.5 किलो वर्ग में व ओम सोनी का 92+ किलो वर्ग में चयन हुआ हैं। सूरज सिंह स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती महाविद्यालय, हुड़को से भाग ले रहें हैं। ओम सोनी संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट से भाग ले रहे हैं। दोनों खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर महापौर नीरज पाल, छग राज्य मुक्केबाज़ी एसो. के अध्यक्ष आर. राजेन्द्रन, स्टार बॉक्सिंग क्लब के अध्यक्ष पीके राय, नेशनल रेफ्री एवं बॉक्सिंग कोच कुलदीप सोनकर, चेयरमेन वीरेंद्र यादव, आरएन बनेर्जी, जीपी तिवारी, नंदू रामटेके, तीरथ रावत आदि ने बधाई दी।

### नागरिक सम्मान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए विधायक

दुर्ग। नवनिर्वाचित विधायक गजेंद्र यादव विधायक बनने के बाद वार्डो में निरंतर प्रवास कर रहे है। इसी क्रम में विगत दिनों वार्ड 42, कसारीडीह का दौरा किये। आजाद चौक स्थित भगवान शिव जी के मंदिर में पूजन अर्चन उपरांत नागरिकों से भेंट किये। तद्दोपरान्त नागरिक सम्मान कार्यक्रम में सम्मलित हुए। जहाँ कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय व भव्य स्वागत आतिशबाजी के साथ किये। दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने वार्ड 42 के सभी वरिष्ठ जनों व बूथ अध्यक्षो को पुष्प माला पहनाकर उनका अभिवादन व सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में अजय तिवारी, गणेश निर्मलकर, डॉ. एमके साहू, देव चंद्राकर, विजय चौधरी, दशरथ निर्मलकर, लक्ष्मीकांत दुबे, प्रकाश अहिरवार, आशु शर्मा, हरीश साहू, मोहन बागुल, कांता साहू, पुरूषोत्तम सोनारे, विवेक सिन्हा, केशव साहू, उदय वर्मा आदि मौजूद थे।

# हैवी ट्रैफिक को कम करने ग्रीन चौक से सूर्या होटल तक बनेगा ओव्हरब्रिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग। शहर की यातायात दबाव को कम करने के लिए विधायक ने जिला प्रशासन के अफसरों की बैठक लेकर रोडमैप तैयार किया है। जिसके तहत उन्होने धमधा नाका ग्रीन चौक से सूर्या होटल तक सीधा ओव्हर ब्रीज बनाने प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए है। इसके आलावा शहर के अन्य सडको का चौडीकरण किए जाने के लिए अफसरों के साथ विगत दिनों दो घंटे मैराथन बैठक चली। जिसमें कलेक्टर ने चौडीकरण से प्रभावित होने वाले प्रकरणों पर मुआवजा प्रस्ताव तैयार करने का आश्वासन दिया है।

विधायक गजेन्द्र यादव ने विगत दिनों जिला और पुलिस प्रशासन की बैठक लेकर शहर विकास पर चर्चा की है। ग्रीन चौक से ब्रिज तैयार करने सेतू विकास निगम द्वारा प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इसके लिए अधिकारियों से चर्चा कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए है। विधायक बनते ही श्री यादव सबसे पहले पूरे शहर का भ्रमण किया। फिर उन्होंने सभी एसडीएम, निगम आयुक्त, शासकीय निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग, सेतु विकास निगम, आरईएस, नगर निगम के अधिकारियों के साथ शहर का दौरा कर क्षेत्र के पार्षदों की मौजूदगी में मौके का मुआयना करने के उपरांत पार्षदों की सहमति से तकनीकी प्लान बनाया है। सभापति राजेश यादव के निवास जाकर विधायक गजेन्द्र यादव ने उनके साथ भी शहर के विकास को लेकर विचार विमर्श किया। बैठक में चंडी मंदिर मार्ग के समानांतर गया नगर, हरना बांधा होते हुए श्री शिवम तक नई सड़क को लेकर सहमति बनी। कलेक्टर ने इससे प्रभावितों के पुनर्वास एवं राशि को लेकर सहमति व्यक्त की हैं। उन्होंने जिला अस्पताल में ईसीजी, एमआरआई ,सोनोग्राफी आदि सुविधा को लेकर भी योजना तैयार करने कहा है।

## विधायक ने जिला प्रशासन की बैठक लेकर किया रोडमैप तैयार

### अपराध नियंत्रण के लिए ज्वाइंट टास्कफोर्स

विधायक ने शहर में बढ़ते अपराध, नशाखोरी, नशीली दवाईयों की बिक्री पर रोक एवं चोरी पर नियंत्रण के लिए भी कलेक्टर एवं एसपी से चर्चा की हैं। इसके लिए ज्वाइंट टास्क फोर्स गठित किया जा रहा है। गजेन्द्र ने इसे जमीनी स्तर पर शीघ्र कार्य रूप में परिणीत करने निर्देशित किया है। साथ अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा किसी भी समस्या को लेकर फोन किए जाने पर इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल पहल करने निर्देश दिया गया है।



### ब्रिज पर डामरीकरण कार्य प्रारंभ

विगत दिनों दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव के द्वारा सिकोला भांटा ब्रिज पर ब्रिज कारपोरेशन एवं पीडब्लयु अधिकारियों साथ निरीक्षण के दौरान उसके डामरीकरण एवं सूर्या होटल के पास से ग्रीन चौक तक नए ब्रिज के लिए प्रपोजल तैयार करने के लिए कहा गया था। इसे लेकर आज ग्रीन चौक से सूर्या होटल तक ब्रिज के ऊपर चल रहे डामरीकरण का कार्य का निरीक्षण दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव द्वारा किया गया।

## नए मतदाताओं को जोड़ने जिलेभर में चलेगा अभियान

# लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू अगले माह से होगा सूची का प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रदेश में विधानसभा चुनाव समाप्त हुए अभी एक में पखवाड़ा भी नहीं बीता है और अब प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारी जोरों पर है। चुनाव आयोग के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए अभियान की शुरूआत हो चुकी है, फार्म-6ए के जरिए मतदाता इससे जुड सकेगें। वहीं मतदाताओं को सुविधा देने मतदान केंद्र भी बढ़ाए जाने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि, विगत दिनों राज्य निर्वाचन आयुक्त ने वीसी के जरिए जिला निर्वाचन को तैयारी शुरू करने निर्देश दिए। प्रदेश में विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद चुनाव आयोग ने अब लोकसभा चुनाव 2024 पर काम शुरू कर दिया है। निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक कर वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने और संशोधन करने का अभियान शुरू करने का निर्णय किया है। इसमें 1 जनवरी तक मिलने वाले सभी आवेदनों की जांच-पड़ताल के बाद 6 जनवरी को वोटर लिस्ट की ड्राफ्ट लिस्ट जारी की जाएगी। इस बार बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम लिस्ट से डिलीट हो गए थे। इस कारण से कई वोटर जो पहले चुनावों में वोट दे चुके थे, इस बार वोट करने से वंचित रह गए थे। इसे देखते हुए इस बार निर्वाचन आयोग ने सभी बीएलओ को इस काम को गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं।

## सभी बीएलओ को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश

### 18 साल होने पर जुड़ेगा नाम

मिली जानकारी के अनुसार 1 अक्टूबर 2024 तक 18 साल के होने वाले ही जनवरी में नाम जुड़वा सकेंगे।। जनवरी 2024 को जो व्यक्ति 18 साल का हो रहा है। उसका नाम वर्तमान में जोड़ा जाएगा, लेकिन जो व्यक्तिः अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2024 को 18 साल पूरे करने वाले हैं, उनका वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने का काम 6 जनवरी के बाद किया जाएगा।




### बढ़ सकती हैं मतदान केंद्रों की संख्या

हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या अधिक रहने से लंबी कतारे लगी रही और कई लोग लंबा इंतजार के चलते बिना वोट डाले ही लौट गाए। अब लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को संख्या केंद्रवार कम करने के साथ ही केंद्रों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। लोकसभा चुनाव में केन्द्रों की संख्या में इजाफा होने की संभावना है।

### ऐसा होगा पूरा कार्यक्रम

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2024 के अनुरूप फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को समयबद्ध रूप से संचालित किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में अवगत कराया गया कि, फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार 6 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन के उपरान्त समस्त मतदान केन्द्रों में नियुक्त बूथ लेबल अधिकारी एवं अभिविहित अधिकारियों द्वारा 6 जनवरी 2023 से 22 जनवरी 2024 सोमवार तक प्राप्त दावा-आपत्तियों को प्राप्त किया जाएगा तथा 2 फरवरी 2024 तक समस्त दावा-आपत्ति का निराकरण कर 8 फरवरी 2024 को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का अन्तिम रूप से प्रकाशन किया जाएगा।

## निगम ने चलाया बेदखली अभियान

# खुले में चिकन, मटन दुकान पर निगम दुर्ग की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर सोमवार को खुले में अवैध रूप से सड़क किनारे धमधा रोड किनारे संचालित चिकन मटन के दुकान लगाने वाले तथा सड़क किनारे तंबू तानकर व घेरकर सड़क बाधा करने वालों के विरूद्ध चला।

इस दौरान हडकंप की स्थिति निर्मित रही। धमधा नाका रोड नई गंज मंडी क्षेत्र सड़क किनारे क्षेत्र में नाली के उपर तंबू तानकर शेड डाल कर किये गये अवैध कब्जा को अतिक्रमण अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, सहायक बाजार अधिकारी थानसिंह यादव की उपस्थिति में अतिक्रमण विरोधी ने ध्वस्त किया गया तथा सड़क किनारे में लम्बे समय से लगे 42 प्रचार-प्रसार के गेट को हटाने के साथ साथ जब्त किया गया। जिससे सड़क व नाली सफाई में भी बाधा आ रहा था। जिसे पुलिस बल की उपस्थिति में अवैध कब्जा को निगम अतिक्रमण टीम द्वारा ध्वस्त किया गया।

### आधा दर्जन दुकानों को हटाया

निगम द्वारा चलाए जा रहे बेदखली अभियान के तहत अवैध रूप से संचालित चिकन-मटन की दुकान 7 दुकानों को हटाया गया और मुर्गी रखने वाली जाली को जब्त किया गया। कार्रवाही के दौरान सड़क किनारे पर अवैध रूप से संचालित चिकन-मटन, मछली दुकान पर कार्यवाही करते हुए बेदखल किया गया साथ ही चौक चौराहो के किनारे ठेला, फल सब्जी बेचने वाले एवम आवागमन को प्रभावित करने लोगों को सड़क किनारे बाजार नही लगाने की हिदायत दी है।

# रिटर्न और जीएसटी के वार्षिक रिटर्न भरने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



आयकर की धारा 139 के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 के आयकर के रिटर्न भरने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 है । ज्ञात हो की गत वर्ष हुए आयकर मे संशोधन के अनुसार अब आयकर की बीलेटेड रिटर्न और पिछले रिटर्न में कोई संसोधन (रिवाइस रिटर्न) के लिए सशुल्क आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर है। उसके बाद आयकर के रिटर्न सामान्य तरीके से नहीं भर सकेंगे। भिलाई सीए शाखा पूर्व अध्यक्ष सीए मिनेश जैन ने बताया कि अभी अगर किसी की आय 5 लाख से कम है 1000 रुपए शुल्क के साथ और यदि आय 5 लाख से अधिक है तो 5000 रुपये शुल्क के साथ आयकर रिटर्न 31 दिसम्बर से पहले भर सकता है। अगर आपके वर्ष 2022-23 के रिटर्न मे टीडीएस या एडवांस टैक्स है और यदि रिफ़ंड क्लैम करना है तो यह अंतिम अवसर है उसके बाद रिफ़ंड क्लेम नहीं किया जा सकेगा। 31 दिसम्बर के बाद यदि रिटर्न फ़ाइल करना है तो आयकर की विशेष धारा और फ़ॉर्म आईटीआर-यू के अंतर्गत 25% से 50% तक पेनाल्टी तथा ब्याज पटा कर ही फ़ाइल कर सकेंगे और रिफ़ंड नहीं ले सकेंगे ।उन्होंने कहा कि जीएसटी के वर्ष 2022-23 के वार्षिक रिटर्न जीएसटीआर-9 और 9सी भरने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 है।

# ब्रह्मविद क्रिकेट ने 7 विकेट से जीता मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गोविंद चौहान स्मृति एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत सोमवार को दसवां मैच खेला गया। टीम ब्रह्माविद क्रिकेट अकादमी रायपुर एवं टर्मिनेटर क्रिकेट अकादमी रायपुर के बीच खेला गया। जिसमें ब्रह्माविद क्रिकेट अकादमी रायपुर ने यह मैच 7 विकेट से जीता।

- चौथे विकेट के लिए अभिराज व गौरंग ने की 98 रनों की साझेदारी

टांस ब्रह्माविद क्रिकेट अकादमी रायपुर ने जीता व पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी टर्मिनेटर क्रिकेट अकादमी 8 विकेट पर 216 रन बनाए। जिसमें अमन मिश्रा ने 110, कप्तान अमितेश मिश्रा ने 27,




स्वयं पांडे ने 22 रन बनाएं। गेंदबाजी ब्रह्माविद क्रिकेट अकादमी संदीप सिंह, अमूल कस्तूरे एवं मोहम्मद इरफान ने 2-2 विकेट लिए। श्रेयम सुंदरम ने एक विकेट लिया। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। ब्रह्माविद क्रिकेट अकादमी तीन विकेट पर 219 रन बनाए।

जिसमें अभिराज खरे नॉट आउट 70, गौरंग नॉट आउट 44, अंकुर सिंह 53, सानिध्य हुरकत 36 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी टर्मिनेटर क्रिकेट अकादमी स्वयं पांडे ने 2 एवं मानस कुंभालकर ने 1 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच अभिराज खरे को भूतपूर्व वेटरन्स अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी एवं अंतरराष्ट्रीय अंपायर टेबल टेनिस विनोद देवघरे के हाथों पुरस्कृत किया गया। मैच के अंपायर हिमांचल साहू एवं हरिशंकर यादव, स्कोरर विराज चौहान एवं रूबल थे।

### गुरू घासीदास शांति, सामाजिक समरसता के प्रतीक : सरोज

दुर्ग। राज्य सभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय ने समस्त प्रदेशवासियों को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बाबा गुरु घासीदास के संदेश को बताते हुए कहा कि प्रदेशवासी खुशहाल समाज बनाने के लिए गुरु घासीदास से प्रेरणा ले। बाबा गुरू घासीदास जी महान संत थे। उन्होंने सामाजिक, आर्थिक, शोषण तथा जातिवाद, सामंतियों के अन्याय और अत्याचार के विरूद्ध आवाज उठाकर मनखे मनखे एक समान है का संदेश दिया था। समाज को एकता के सूत्र में पिरोने वाले बाबा गुरू घासीदास शांति, सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। समाज को नई दिशा प्रदान करने में उनका अतुलनीय योगदान है।

### सांसद विजय ने की डिप्टी सीएम साव से मुलाकात

भिलाई। छत्तीसगढ़ के वर्तमान उपमुख्यमंत्री अरुण साव से सांसद विजय बघेल दिल्ली प्रवास पर मुलाकात कर नई जिम्मेदारी की बधाई व शुभकामनाएं दी। छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ अपनी अहम भूमिका निभाते हुए, मोदी की गारंटी के संकल्पों को छत्तीसगढ़ में नई दिशा और दशा देने में अपनी सक्षम भूमिका निभाएंगे।

## चिन्हित भिखारियों का व्यवस्थापन भी पंद्रह दिवस में

# अतिक्रमण प्रभावितों का 15 दिन में होगा व्यवस्थापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के नगरीय निकायों में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सड़क किनारे सभी छोटे-बड़े कब्जों, अवैध ठेले गुमटियों व चौपाटियों पर की गई कार्यवाही से प्रभावित व्यवसायियों, लोगों का जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्थापन किया जाएगा। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आज नगरीय निकायों के अधिकारियों की वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने कहा कि, नगरीय निकायों के चौक-चौराहों से हटाये गये अतिक्रमित व्यवसायियों, लोगों को उनके आजीविका के लिए नगर में जगह चिन्हांकित कर शिफ्ट किया जाए। ठेले को वेंडिंग जोन में रखना संभव न हो तो सड़क किनारे स्थान जहां ठेला लगाया जा सके। उस स्थान पर व्यवस्थित रूप से शिफ्ट् किया जाए। प्रभावित लोगों का व्यवस्थापन कराकर स्मार्ट वेंडिंग जोन के तहत बैंक ऋण राशि की सुविधा मुहैय्या कराने इन्हें प्रधानमंत्री स्व निधि योजना से जोड़कर लाभान्वित किया जाए।



कलेक्टर ने नगरीय निकाय के अधिकारियों को प्रभावित लोगों की व्यवस्थापन कराकर निकायवार जानकारी उपलब्ध कराने कहा है। कलेक्टर ने जिले में केटल- फ्री रोड पर जोर देते हुए नगरीय निकायवार रोस्टर प्रारंभ होने के अब तक पकड़े गये पशुओं की जानकारी ली। उन्होंने सड़कों पर पशुओं के कारण हो रही दुर्घटना को रोकने के लिए सड़कों से घुमन्तु पशुओं को हटाने के लिए अधिकारियों को प्रभावी तरीके से कार्य करने कहा।

### पशुपालकों से जुर्माना लेने निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि, सब्जी मंडी, बाजार, कालोनियाँ व सड़क की संख्या आदि पर पशुओं की लोकेशन के अनुसार कार्य किया जाए। पशुपालकों से जुर्माना लिये बगैर पशुओं को नहीं छोड़ा जाए। नगरीय क्षेत्र अंतर्गत सड़कों के किनारे गड्ढे व खुले चेम्बर की सर्वे कराकर 15 दिवस में मरम्मत सुनिश्चित किया जाए। सड़क किनारे नालियां स्लैब से ढकी होना चाहिए। नगर में स्ट्रीट लाईट की संख्या कितनी है, कितने में अभी लाईट लगी है। रौप लाईट की क्या स्थिति है, निकायवार जानकारी उपलब्ध करायी जाए।

### भिखारियों की हो रही पड़ताल

कलेक्टर ने अवगत कराया कि, निकायों द्वारा सड़कों पर भीख मांगने वाले 365 लोगों को चिन्हांकित किया गया है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इन लोगों को शासन की योजनाओं से लाभ मिल रहा है की नहीं, इसकी मॉनिटरिंग करें। इसके अलावा कई बार देखने में पाया गया कि छोटे बच्चों को गोद में लेकर परिजन चौक-चौराहों में भीख मांगते मिले है, ऐसे लोगों के परिजनों की काउंसिलिंग कर समझाईश दिया जाए।

# जमानत राशि वापस लेने रुचि नहीं दिखा रहे प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा चुनाव में नामांकन फार्म जमा करने के बाद चुनाव से नाम वापस लेने और हार के बावजूद जमानत बचा पाने वाले प्रत्याशी अपनी जमानत राशि वापस लेने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। रायपुर जिले के सात में से 6 विधानसभा क्षेत्र से 33 प्रत्याशियों ने चुनाव से अपना नाम वापस लिया था। इनमें से अब तक सिर्फ 12 प्रत्याशी ही ऐसे हैं, जिन्होंने अपनी जमानत राशि वापसी के लिए आवेदन किया है, जबकि अन्य प्रत्याशियों ने अब तक आवेदन नहीं किया है।

चुनाव में करारी हार के बावजूद अपनी जमानत बचा पाने में 7 कांग्रेसी सहित 8 प्रत्याशी सफल रहे थे, लेकिन इनमें से भी किसी ने अब तक जमानत राशि वापसी के लिए आवेदन नहीं किया है। इन सभी प्रत्याशियों की जमानत राशि अभी भी प्रशासन के खाते में जमा है। रायपुर जिले की सातों विधानसभा सीट के लिए 155 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म भरा था। नामांकन फार्म के साथी सभी प्रत्याशियों ने दस हजार एवं पांच हजार रुपए की जमानत राशि भी जमा कराई थी। इनमें से 33 प्रत्याशियों ने चुनाव से अपना नाम वापस ले लिया था। वापस लेने वाले सभी प्रत्याशियों को चुनाव होने के पैसा वापसी करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, लेकिन अब तक सिर्फ 12 प्रत्याशियों ने ही प्रशासन के खाते में जमा जमानत राशि वापस लेने के लिए आवेदन किया है। हालांकि आवेदन करने वाले प्रत्याशियों को भी अब तक जमानत राशि लौटाई नहीं गई है।

### बैंक खातों में जाएगी राशि

जमानत राशि प्रत्याशियों के सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि नामांकन फार्म में प्रत्याशियों ने जो बैंक खातों का डिटेल दिया है, उसी खाते में उनकी राशि ट्रांसफर की जाएगी।

### आवेदन करने वाले प्रत्याशियों की विधानसभावार संख्या

जमानत राशि वापसी के लिए आवेदन करने वालों में रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से 5, रायपुर ग्रामीण से 4, धरसींवा से 2 एवं अभनपुर क्षेत्र से 1 प्रत्याशी है।

## खबर संक्षेप



### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

**भिलाई।** लायंस क्लब भिलाई पिनाकल द्वारा ए प्लस अर्बनइट्स सीएससी बाल विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में शाला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों का दन्त परीक्षण डॉ. दीक्षाली इन्दरकर, नेत्र परीक्षण डॉ. मेरी जेनिक तिग्गा एवं स्पीच एंड हियरिंग टेस्ट डॉ. मनोज साहू द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रेसीडेंट अंजू अग्रवाल, सचिव शालिनी सोनी एवं कोषाध्यक्ष रश्मि गेडाम उपस्थित थे।

### सुरक्षा जागरुकता सप्ताह का समापन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात गलन शाला 3 में आयोजित सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल के मुख्य आतथ्यि में हुआ। महाप्रबंधक एबी निवास, एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारीपुष्पा एंब्रोस, टी बैठाए महाप्रबंधक, डी के वार्ष्णेय व महाप्रबंधक एस के मिश्रा व अशोक महोर यूनियन पदाधिकारी उपस्थित थे। ओएचएस हेतु एसएमएस.3 के नए कमरे का उद्घाटन श्री अग्रवाल द्वारा किया गया व प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मेसर्स पीजीईपीएल ने अधिकतम सहभागिता के लिए जीता।

### मटेरियल्स रिकवरी में हिंदी कार्यशाला

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एमआरडी विभाग के सभागार में विभाग प्रमुख मुख्य महाप्रबंधक ;एमआरडी सुशील कुमार के मुख्य आतथ्यि में राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया था।महाप्रबंधक दिनेश अग्रवाल, दीनामणि नायक, एजीएम, अवनीश दुबे, वरष्ठि प्रबंधक, लव कुमार प्रबंधक, बी ईश्वर राव उपस्थित थे। कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा वत्तिीय शब्द ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम पुरस्कार. जूनियर ऑफिसर कुलदीप सिंह तोमर, द्वितीय पुरस्कार. मास्टर ओसीटी सतीश कुमार साहू व तृतीय पुरस्कार. चार्जमेन कमलेश कुमार राजपूत ने प्राप्त किया।

### कार्मिकों की पत्नियों ने देखा संयंत्र

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिक विभाग के द्वारा जल प्रबंधन विभाग के 21 कार्मिकों की पत्नियों के लिए आप भी जानिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पतियों के कार्यस्थल के.साथ बीएसपी के विभन्नि विभागों का भ्रमण करवाया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक एके जोशी तथा विशेष अतिथि महाप्रबंधक जेपी सिंह, महाप्रबंधक,ए बेनर्जीए उप महाप्रबंधक राजीव कुमार, एजीएम विभागीय सुरक्षा अधिकारी रिजवान खान उपस्थित थे। श्री जोशी ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से आप लोगों को संयंत्र के कार्यस्थलों को देखनेए समझने का अवसर मिल रहा है। श्री राजीव कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक विजय कुमारए सेक्शन ऑफिसर श्यामल बेनर्जी, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी श्री रूहेल सिंहए वरष्ठि स्टाफ सहायक नीता सरवरे, कनष्ठि स्टाफ सहायक गुरूचरण सिंह आदि उपस्थित थे।

### न्यूनतम वेतन व सुविधाओं की मांग को लेकर मुर्गा चौक में जुटेंगे

# बीएसपी के ठेका श्रमिकों का अब धीरज खत्म, बीस को करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

लगातार मांग को बाद भी वेतन और सुविधाओं को लेकर बीएसपी के ठेका मजदूरों की सुनवाई नहीं हो रही है । इससे गुस्साएं हजारों मजदूर अब बीस दिसंबर को प्रदर्शन कर करेंगे। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के बैनर तले एकजुट होकर जायज वेतन व सुविधाओं की ओर प्रबंधन का ध्यानाकर्षित करेंगे।

यूनियन की कार्यकारिणी की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पादन और उत्पादकता एवं लाभार्जन में कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों के वेतन एवं सुविधाओं में बढ़ोतरी को लेकर 20 दिसंबर को सुबह 8 बजे से 9 बजे तक आईआर विभाग के गेट के सामने मुर्गा चौक में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया एवं सेल चेयरमेन के नाम से विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा । सेल में 84 महीना बीतने के के बाद भी सेल प्रबंधन ठेका श्रमिकों का वेतन समझौता नहीं किया है जिससे श्रमिकों में आक्रोश है । स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू ने कहा ठेका श्रमिकों का सेल में महत्वपूर्ण योगदान है । सभी स्थाई प्रकृति के कार्य और उत्पादन में उनके द्वारा किया जा रहा है। यदि प्रदर्शन के बाद भी मजदूरों की मांगें पूरी नहीं हुई तो इंटक यूनियन बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होगी।

बैठक में सी पी वर्मा, दीनानाथ सिंह मनोहर लाल आर दिनेश, गुरुदेव साहू जसवीर सिंह रिखीराम साहू जयराम धुर्वे संतोष ठाकुर, डीपी खरे सुरेश दास टंडन दामन लाल, नारायण साहू दाऊलाल, बलराम वर्मा कामता प्रसाद कान्हा कुलेश्वर ओमप्रकाश देवांगन एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

**स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक का ऐलान**




#### यह हैं मजदूरों की मांगें

ठेका श्रमिकों का वेतन समझौता जल्द हो व निर्धारित पूर्ण वास्तविक वेतन दिया जाए। एचएसएलटी ठेका श्रमिकों को एस-1 ग्रेड में नियमित किया जाए व केवाईसी जल्द किया जाए, जिससे की पेंशन चालू हो सके। 21 हजार रुपए मूल वेतन निर्धारण किया जाए,न्यूनतम वेतन में एडब्ल्यूए जोड़कर नया बेसिक बनाया जाए। सेंट्रल वेज दिया जाए, रात्रि भत्ता, केंटिंन अलाउंस एवं आवास या भत्ता व साइकिल अलाउंस दिया जाए। सभी ठेका श्रमिकों का 15 लाख का सामूहिक दुर्घटना बीमा करें व बच्चों को बीएसपी के स्कूलों में भर्ती एवं फीस में छूट दिया जाए।

#### मेनपावर कम होने से वर्कलोड

सेल में सर्वाधिक ठेका मजदूर बीएसपी में कार्यरत हैं। कंपनी के प्राफिट में भी बीएसपी का महती योगदान होता है। लेकिन नियमित कर्मियों की तरह हाड़तोड़ मेहनत करने वाले मजदूरों को इसका लाभ नहीं मिलता है। उनका चौतरफा शोषण ठेकेदार कर रहे हैं। इससे ठेका एंजेसियों के साथ प्रथम नियोक्ता के प्रति भी मजदूरों में असंतोष बढ़ रहा है। पिछले कुछ सालों से मेन पावर कम होने की भी सबसे ज्यादा कीमत ठेका मजदूरों को चुकानी पड़ रही है। कई विभागों में मजदूरों पर वर्कलोड निरंतर बढ़ रहा है। यूनियन के मुताबिक मजदूरों को हर मामले लाभ मिलने की जरुरत है लेकिन नुकसान ही नुकसान हो रहा है।

## एफएसएनएल का विनिवेश उन्नत चरण में, सेल में करें विलय

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

सेफी के द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात उपक्रमों के रणनीतिक विलय कर मेगा स्टील पीएसयू बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुनः अपील पत्र दिया गया। पीएमओ द्वारा सेफी के इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के प्रस्ताव को संज्ञान में लिया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय से सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर को प्रेषित पत्र के प्रत्युत्तर में प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह बताया गया है कि फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड के विनिवेश की प्रक्रिया उन्नत चरण में है और यह प्रक्रिया "निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डाइपम)" के द्वारा निर्देशित की जा रही है।

■ सेफी ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

सेफी ने मांग किया कि विनिवेश किये जाने वाले इन इकाईयों की क्षमता पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाए तो इन इकाईयों के अलग–अलग क्षमताओं तथा उपलब्ध संसाधनों को मिलाकर एक लाभकारी रणनीति बनाई जा सकती है जिसमें इन इकाईयों को विनिवेश की आवश्यकता नहीं होगी भविष्य में इस मद में की जाने वाली निवेश की राशि से आर.आई.एन.एल. एवं नगरनार इस्पात संयंत्र तथा एफएसएनएल जैसी इकाईयों का रणनीतिक विलय कर जहां सेल के विस्तारीकरण के लक्ष्य को शीघ्र ही प्राप्त किया जा सकता है वहीं इन कंपनियों के कार्मिकों के हितों की रक्षा तथा क्षेत्र के सामाजिक दायित्वों का निवर्हन किया जा सकता है। एफएसएनएल इस्पात मंत्रालय के अधीनस्थ एक सरकारी उपक्रम है, जिसका मुख्यालय भिलाई छत्तीसगढ़ में है। यह संस्था सरकारी स्टील उपक्रमों जैसे सेल, आरआईएनएल एवं एनएमडीसी जैसे उपक्रमों में स्क्रैप प्रसंस्करण का कार्य करती है ।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर किया कम्बल वितरण



**भिलाई।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर रविवार को पॉवर हाउस रेल्वे स्टेशन भिलाई में माँ वात्सल्य दिव्यांग संस्थान, शंकरनगर दुर्ग की अध्यक्ष उल्का द्विवेदी, शर्मा एवं दिव्यांग सुषमा महिला स्व-सहायता समूह के संरक्षक शान्त कुमार देठे के संयुक्त तत्वावधान में गरीब निर्धन दिव्यांगों को कम्बल वितरण कर स्वल्पाहार दिया गया। कार्यक्रम हर्ष के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष रूप से ब्रिजेश, खिलेश, गरेन्द्रजी, संजय गुप्ता, शिरीन, रश, सुषमा रानी आदि का सहयोग रहा।

## वैचारिकता से होगा संस्कृति का पुनर्विकासः पी. लक्ष्मीनारायण

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में प्रलेसं के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुप्रसिद्ध साहित्यकार पी.लक्ष्मी नारायण के व्याख्यान का आयोजन सेक्टर 5 में किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आंध्र प्रदेश प्रलेसं के महासचिव वल्लरी शिवप्रसाद थे,अध्यक्षता साहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने की । समकालीन सांस्कृतिक परिदृश्य एवं प्रतिरोध के प्रश्न विषय पर प्रलेसं के प्रांतीय महासचिव परमेश्वर वैष्णव के निवास परिसर साहित्यांकन में आयोजित व्याख्यान में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध साहित्यकार पी.लक्ष्मी नारायण गुंटूर आंध्रप्रदेश ने कहा कि आज देश का सांस्कृतिक वातावरण बेहद भयावह व चिंताजनक है, मनुष्य में एक दूसरे के प्रति विद्वेष और हिंसा के पनप रहे जहर को खत्म कर वैचारिक एकता से ही सामाजिक सद्भाव व समरसता की जमीन तैयार करने की जरूरत है । तेजी से फैल रही जंगली संस्कृति को धिक्कार कर प्रेम और विश्वास का माहौल तैयार करने की बड़ी चुनौती है ।स्त्री, मजदूर व दलितों के हितों की रक्षा के लिए साहित्यकारों और संस्कृतिकर्मियों पर संस्कृति के पुनर्विकास की बहुत जवाबदारी है ।सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन से ही लोकतांत्रिक वातावरण विकसित होगा । विशिष्ट अतिथि आंध्रा प्रलेसं के महासचिव वल्लरी शिवप्रसाद ने कहा कि जीवन को चलाने विज्ञान और साहित्य की जरूरत होती है आज जीवन मे विज्ञान का तो खूब उपयोग हो रहा पर साहित्य हाशिये पर है । जब तक साहित्य और संस्कृति को तरजीह नहीं मिलेगी देश और समाज में अंधेरा बढ़ता रहेगा । विषय प्रवर्तन करते हुए वरिष्ठ कथाकार लोकबाबू ने कहा-हमारा सांस्कृतिक परिदृश्य धीरे-धीरे बदल रहा है ,इस विकट दौर में हमें कला और साहित्य में मानवीय मूल्यों को समृद्ध करने की जरूरत है ।अध्यक्षता कर रहे साहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने कहा कि महती व्याख्यान के माध्यम से ज्वलन्त विषय पर दिशा दृष्टि हम सबके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मजदूर नेता सीआर बख्शी ने भी विचार व्यक्त किया।

■ प्रलेसं के व्याख्यान में राष्ट्रीय अध्यक्ष का आह्वान




#### साहित्यकारों ने किया अभिनंदन

इस अवसर पर प्रलेसं भिलाई- दुर्ग द्वारा पी.लक्ष्मी नारायण,व वल्लरी शिवप्रसाद का शाल श्रीफल ,प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ प्रलेसं महासचिव परमेश्वर वैष्णव ने व धन्यवाद ज्ञापन प्रलेसं भिलाई-दुर्ग सचिव विमल शकर झा ने किया । कार्यक्रम मेंगुलवीर सिंह भाटिया,सन्तोष झांझी ,डॉ. कोमल सिंह शारवा,डॉ नलिनी श्रीवास्तव,केसी चन्द्र शेखर पिल्लई,शरद कोकस,राजेश श्रीवास्तव,योगेंद्र शर्मा, छगन लाल सोनी, प्रदीप भट्टाचार्य,प्रकाश मंडल,शिव मंगल सिंह,आर डी साहू,विजय वर्तमान,डॉ नौशाद सिद्दकी,रुद्र मूर्ति, एम. धर्मा राव,ध्रुव कुमार साहू,अनिता करडेकर,कमला वैष्णव, रसना मुखर्जी,पी.एस.प्रभा श्रीनिवास एन.एल.मौर्य,टी.एन. कुशवाहा,राजीव अग्रवाल,नारायण स्वामी,श्रीनिवास,आदि साहित्यकर उपस्थित थे ।

### लीज ट्रांसफर केस की लीज डीड रजिस्ट्री की प्रक्रिया भी प्रारंभ

**भिलाई।** लीज डीड पंजीयन कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने हेतु आफिसर्स एसोसिएशन भिलाई इस्पात संयंत्र के पदाधिकारी बीएसपी प्रबंधन एवं रजिस्ट्रार आफिस से संपर्क कर निरंतर समन्वय किया जा रहा है। लीज डीड पंजीयन से संबंधित कार्य के लिए दो हेल्प डेस्क का संचालन प्रगति भवन रोज सुबह 10 से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है। पूर्व में लीज डीड के पंजीयन में सर्वप्रथम ऐसे लीज धारकों को प्राथमिकता दी जा रही थी। ओए अध्यक्ष एवं सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर ने प्रबंधन से लीज ट्रांसफर केस' की लीज डीड रजिस्ट्री की प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु प्रयास किया। नगर सेवायें विभाग ने लीज ट्रांसफर केस पर लीज डीड रजिस्ट्री की प्रक्रिया को प्रारंभ कर दिया है। 4500 लीज धारकों के लीज डीड का पंजीयन का कार्य प्रारंभ किया गया है। जिसमें ओए–बीएसपी तथा हाऊसलीज समन्वय समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ओए बीएसपी के प्रयास से भिलाई के लीजधारकों हेतु प्रगति भवन में दो हेल्पडेस्क भी निरंतर कार्य कर रहे हैं। लीज डीड रजिस्ट्रेशन का कार्य जुलाई 2023 से प्रारंभ किया गया है जिस हेतु ओए–बीएसपी के द्वारा हेल्प डेस्क की सुविधा प्रारंभ किया गया जिसके माध्यम से 1650 से अधिक लीजधारकों का लीज डीड तैयार किया गया है।

## राजेंद्र अध्यक्ष व सचिव बने शोहराब



हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पत्रोपाधी अभियंता संघ के क्षेत्रीय कार्यकारिणी दुर्ग क्षेत्र गठन के लिये अतिथि रेस्टोरेंट दुर्ग में शुक्रवार को चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर इंजीनियर राजेंद्र गिरी गोस्वामी, क्षेत्रीय सचिव पद पर इंजीनियर शोहराब खान, कनिष्ठ अभियंता बघेरा जोन एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर इंजीनियर सुनील बेलचंदन उपरोक्त तीनों पद पर सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित हुए। दुर्ग क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यकारिणी के गठन के लिए दुर्ग क्षेत्र के दुर्ग, भिलाई, बालोद, बेमेतरा, साजा के बहुत अधिक संख्या में कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर बीबी जायसवाल, प्रांतीय महासचिव इंजीनियर समीर पाण्डेय, वरिष्ठ सलाहकार इंजीनियर श्रीकांत बड़गैया, संगठन सचिव इंजीनियर तनोज मित्रा, संयुक्त सचिव इंजीनियर गुलाब राम साहू, पूर्व सचिव मनीष अग्रवाल, संयुक्त सचिव इंजीनियर सीमा बघेल, इंजीनियर निर्मल कुर्रे, इंजीनियर जगत तामले, इंजीनियर जेएस भटनाकर, कार्यपालन अभियंता की उपस्थिति में चुनाव संपन्न कराया गया। उक्त चुनाव दुर्ग क्षेत्र के इंजीनियर महेश्वर टंडन, अविनाश दुबे, इंजीनियर कोशलेंद्र पांडे, गुणेश्वर शिवारे, डी.के.साहू, एम.के साहू, प्रकाश वर्मा, डी.के. देशमुख , संदीप वर्मा, गोपाल वर्मा, उत्तम सोनी, गिरवर साहू, रामगोपाल साहू ,अनिता रोही, अरुणा राव, ज्योति मनोचा, जयलक्ष्मी कांता, श्रृद्धा दिल्लीवार, अलका जोशी एवं अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न कराया गया।

■ छग विद्युत मंडल पत्रोपाधी अभियन्ता संघ के दुर्ग क्षेत्र का चुनाव आयोजित

## गुरु के बताए मार्ग पर चलें : देवेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

गुरु घासीदास जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई गई। सेक्टर 6 सतनाम भवन में सतनामी समाज के प्रभुत्वजनों ने भव्य आयोजन किया। लगातार तीन दिन से चल रहे पूजा पाठ और शोभायात्रा से लेकर अन्य कार्यक्रम हुए। इस दौरान विधायक श्री यादव ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। गुरू गद्दी पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें प्रमाण किए। सत्य के प्रतिक जैतखाम में दीप प्रज्जवलित कर आरती की और गुरू घासीदास जी को प्रमाण किए। समाज को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल में यहां बाबा का आशीर्वाद लेने आता हूं। मेरा सौभाग्य है, जो आप लोगों की सेवा का मौका मिला और इस बार भी आप लोगों ने मुझे आशीर्वाद दिया। बाबा गुरू घासीदास जी हम सब ही नहीं पूरे मानव जाति को सत्य का मार्ग दिखाएं हैं। मानव जीवन के सार को बहुत ही सरलता से बताएं है।बाबा के बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चले।

■ सेक्टर 6 गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल

### सीजी कनौजिया सोनार समाज की हुई बैठक

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कनौजिया सोनार समाज भिलाई तीन शाखा के भवन में केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव संपन्न कराए सर्व सहमति से निर्मय लिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रुप में परदेसी राम सोनी को नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त दो सहयोगी सहायक निर्वाचन अधिकारी सालिक राम सोनी और भानु प्रताप स्वर्णकार को बनाया गया है। बैठक में सचिव भिलाई तीन सालिक राम, कोषाध्यक्ष मोहित सोनी, चंद्रिका प्रसाद सोनी, भानु प्रताप सोनी, संजू सोनी, संतोष सोनी, भागवत सोनी, उत्तम सोनी, केशव सोनी, भाजपा नेता व पूर्व पार्षद राजेंद्र सोनी, गणेश राम सोनी, परदेसी राम सोनी, प्रेम नारायण सोनी, प्रेमलाल सोनी समेत अन्य सामाज के लोग शामिल थे।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST

### मैत्री बाग में जनता को किया जागरूक

## स्वच्छता हमारी प्रतिबद्धता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

विवाहित महिलाओं की संस्था स्वयंसिद्धा ए मिशन विद ए विजन के सालाना पिकनिक को स्वच्छता को समर्पित किया गया। कार्यक्रम में 70 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया।

संस्था की अध्यक्ष डॉ सोनाली चक्रवर्ती ने बताया कि भिलाई अपना है तो इसकी सुंदरता और स्वच्छता बनाए का ध्यान हमें भी रखना होगा। इसलिए हमने मैत्री गार्डन में जब पिकनिक का आयोजन किया तो नुक्कड़ नाटक और रैली के द्वारा लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता के संदेश भी दिया। यही नहीं मैत्री गार्डन की महिला सफाई मित्रों सावि देवी, पूजा एवं संध्या देवी को संस्था द्वारा उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। क्योंकि लोगों द्वारा फैलाए गए कचरे को साफ कर वे भिलाई को सुंदर रखने में सहायता करती है।

कार्यक्रम में स्वयंसिद्धा के संरक्षक डॉ. पूर्णिमा लाल, डॉ. रजनी नेल्सन, आरती तिवारी व नीलिमा शुक्ला ने स्वयंसिद्धा की सदस्याओं दवरा केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिलाओं ने खाने-पीने के साथ कई भूले बिसरे खेलों का भी आनंद लिया और उसके बाद पिकनिक स्थल की सफाई भी की व सफाई मित्रों को धन्यवाद दिया। इस दौरान 2024 की कार्यकारी समिति का चयन भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन, संयोजन व व्यवस्था राजश्री नायर, वैशालीनी संतोष, रीता वैष्णव, देबजानी मजूमदार, सरोज टहनगुरिया, राजकुमारी कन्नोजे ने किया।




Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645
मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### पं. रविशंकर की पुण्यतिथि 31 को

**रायपुर।** मप्र के प्रथम मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी पं. रविशंकर शुक्ल की पुण्यतिथि पर 31 दिसंबर रविवार को प्रदेश के समस्त जिला, शहर, नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुख्यालयों में श्रद्धांजलि सभा होगी। साथ ही अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मोतीलाल वोरा की 20 दिसंबर को जयंती एवं 21 दिसंबर को पुण्यतिथि मनाई जाएगी।

### शराब बेचते धरा गया कोचिया, केस दर्ज

**रायपुर।** मंदिर हसौद पुलिस ने रावणभाठा चौक के पास शराब बेचते एक कोचिए को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत रावणभाठा चौक पास एक व्यक्ति बैग में शराब रखकर बिक्री करने की फिराक में है। थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कोचिए को चिन्हांकित कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम नीलकंठ सेन निवासी रावणभाठा मंदिर हसौद रायपुर बताया। बैग की तलाशी लेने पर 32 पौवा देशी शराब मिली।

### सिख संगठन ने सीएम से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** गुरु तेगबहादुर के शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ सिख संगठन के पदाधिकारियों ने सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। साथ ही संगठन के पदाधिकरी इंदरजीत सिंह खालसा (गोल्डी), प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने मुख्यमंत्री को गुरु तेग बहादुरजी की जीवनी को छग के पाठ्यक्रम में, पंजाबी एकेडमी का गठन करने एवं गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहबजादे की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की तथा ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में छग सिख संगठन के संस्थापक हरपाल सिंह भामरा, प्रदेशाध्यक्ष दलजीत सिंह चावला, लवली अरोरा, गुरुमीत सिंह टोनी, राजेंदर सिंह होरा, मोनू सलूजा, करण गुरदत्ता उपस्थित थे।

### जेल में निरुद्ध महिला बंदियों और उनके बच्चों के लिए उत्थान कार्यक्रम



**रायपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और खुशी फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में 17 व 18 दिसंबर को केंद्रीय जेल रायपुर में निरुद्ध महिला बंदियों और उनके बच्चों के उत्थान के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी हाईकोर्ट जस्टिस एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर, अतिथि डॉ. व्ही.सी. विवेकानंदन, कुलपति हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, नवा रायपुर एवं अध्यक्षता हमीदा सिद्दीकी, संस्थापक, खुशी फाउंडेशन की उपस्थिति में हुआ।

# मुख्यमंत्री साय बोले- आदिवासी समाज का सर्वांगीण विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आदिवासी विधायकों के सम्मान समारोह में कहा, आदिवासी समाज का सर्वांगीण विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत गजमाला एवं पगड़ी पहनाकर पारंपरिक आदिवासी स्वागत गीत से किया गया।

अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ द्वारा आयोजित आदिवासी समाज के नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान समारोह में श्री साय ने कहा, आज 18 दिसंबर का दिन है। आप सभी को बाबा गुरु घासीदास जयंती की हार्दिक बधाई। परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास जी ने समाज को मनखे मनखे एक समान का संदेश देकर हम सभी को नया रास्ता दिखाया।

## आदिवासी समाज के नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान समारोह में शामिल हुए सीएम

### मोदी की गारंटी पूरी होगी

श्री साय ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास का संकल्प लेकर मोदी की गारंटी में छत्तीसगढ़ की जनता से जो भी वादा हमने किया है, उसे पूरा करने की जवाबदारी हमारी है। हमारी सरकार ने ही महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष माताओं-बहनों को 12 हजार रुपए और किसानों के हित में 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी की। ये घोषणा सहित प्रत्येक वर्ग के हित में घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा, हमने वादा किया था कि गरीबों को आवास मुहैया कराएंगे, हमने इसे पूरा किया। हमने 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण किया और 14 दिसंबर को सबसे पहली कैबिनेट में 18 लाख हितग्राहियों को आवास देने का निर्णय लिया।




### कवासी लखमा भी हुए शामिल

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधायक केदार कश्यप, विधायक और कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्री कवासी लखमा सहित आदिवासी समुदाय के अन्य विधायक एवं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव सहित आदिवासी समुदाय के नागरिक उपस्थित थे।

आज हमारे समाज के लिए सौभाग्य की बात है कि जिस छत्तीसगढ़ में करीब 32 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति की आबादी है और जहां सबकी अपेक्षा थी कि आदिवासी मुख्यमंत्री बने, हमारे आदिवासी समाज की इस उम्मीद को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया है।

श्री साय ने कहा, आज हमारे प्रधानमंत्री के कारण पूरी दुनिया में हमारे देश का डंका बज रहा है। आज देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति के पद पर हमारे आदिवासी समाज की द्रोपदी मुर्मू विराजमान हैं। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हमारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया, ताकि यहां के अनुसूचित जनजाति के लोगों का समुचित सामाजिक एवं आर्थिक विकास हो सके। अनुसूचित जनजाति का सर्वांगीण विकास हो सके, इसलिए उन्होंने भारत सरकार में पहली बार आदिम जाति कल्याण विभाग का गठन भी किया। अनुसूचित जनजाति समुदाय की सबसे ज्यादा चिंता हमारी सरकार करती है।

## 8 एकड़ में फैला है राजधानी का तेलीबांधा तालाब

# तेलीबांधा तालाब रिक्रियेशन जोन से निगम को हर साल 37 लाख की आवक, 3 साल में 1 करोड़ 11 लाख कमाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर नगर निगम के लिए राजधानी का तेलीबांधा तालाब कमाऊ पूत साबित हो रहा है। निगम को एक साल में इससे 37 लाख की कमाई हो रही है। 3 साल में ठेका एजेंसी ने 1 करोड़ 11 लाख रुपए का भुगतान नगर निगम को किया है। उसमें कोरोनाकाल का पीरियड भी शामिल है। कमाई का यह सिलसिला आने वाले 12 साल तक चलता रहेगा। इसमें नगर निगम को फूटी कौड़ी खर्च करने की जरूरत नहीं है। उसने अहमदाबाद की ईसीएचटी कंपनी को तेलीबांधा तालाब क्षेत्र में रिक्रियेशन जोन विकसित करने पीपीपी मोड पर 15 साल के लिए ठेका दे रखा है।

राजधानी में 8 एकड़ क्षेत्र में फैले तेलीबांधा तालाब की देखरेख और उसके मेंटनेंस में अब नगर निगम को दिक्कत नहीं हो रही है। पीपीपी मोड पर अहमदाबाद की कंपनी ने तेलीबांधा तालाब क्षेत्र में रिक्रियेशन जोन विकसित करने 15 साल के लिए नगर निगम के साथ एमओयू किया है। इसके तहत अनुबंधित कंपनी ने 4 अलग-अलग जोन तैयार कर चिल्ड्रन पार्क, योग जोन, फ्रीडम फाइटर वॉल, फूड जोन अलग से बनाया है। साथ ही मार्निंग व इवनिंग वॉक करने वालों के लिए पाथवे बनाने के साथ ही आकर्षक लाइटें लगाई गईं। आगंतुकों के लिए तालाब किनारे सेल्फी जोन बनाया गया है। अनुबंधित एजेंसी द्वारा विकसित फूड जोन में 2 दर्जन अस्थायी दुकानें बनाकर लोगों के खानपान की सुविधा उपलब्ध कराने ब्रांडेड कंपनियों को किराये पर दुकानें दी गई हैं। इसके अलावा रिक्रियेशन जोन में एमपी थियेटर बनाया गया है, जहां लोग फैमिली फंक्शन, बर्थडे सेलिब्रेशन, पार्टी मीटिंग सहित अन्य तरह की गतिविधियों के लिए वातानुकूलित हॉल बुक कर सकेंगे। लंच और डिनर का आर्डर देने के साथ ही मनपसंद मूवी देखने की सुविधा उन्हें निर्धारित शुल्क दिए जाने पर मिलेगी।

### 40 कैमरे कम पड़ रहे, नए साल में 20 सर्विलांस कैमरे और लगाए जाएंगे

रिक्रियेशन जोन में सुरक्षा के लिहाज से अनुबंधित कंपनी ने एंट्री पाइंट से लेकर 4 जोनों में 40 सीसीटीवी कैमरे स्थल के गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए लगाए। ये कैमरे क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए कम पड़ने लगे हैं। नए साल में 20 सर्विलांस कैमरे और लगाए जाएंगे। चिल्ड्रन पार्क, पाथवे और फूड जोन एरिया में सीसीटीवी कैमरे की संख्या बढ़ाई जाएगी।




### आधा दर्जन नए सेल्फी जोन बनाने की तैयारी

यंग कमर्स की डिमांड को देखते हुए रिक्रियेशन जोन एरिया में तालाब के किनारे आधा दर्जन पाइंट पर नए सेल्फी जोन बनाया जाएगा, ताकि नए साल में लोग अपने पसंद के सेल्फी जोन में मिनटों में एक क्लिक कर यादगार तस्वीर ले सकें।

### 23 से 31 दिसंबर तक स्प्रीयक क्रिसमस कार्निवाल

### तालाब में 30 फीट का तैरता क्रिसमस ट्री



अनुबंधित एजेंसी के प्रवक्ता गोपाल माहेश्वरी ने बताया, 23 दिसंबर से लेकर 31 दिसंबर तक मरीन ड्राइव में स्प्रीयक क्रिसमस कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहेगा तेलीबांधा तालाब में 30 फीट का तैरता हुआ क्रिसमस ट्री। मध्य भारत में अपने तरह का यह पहला कार्निवाल होगा, जिसमें शापिंग, खाना पीना, आकर्षक गेम्स, इवेंट कंपनी द्वारा म्यूजिक, डांस और छत्तीसगढ़ के लोककलाकारों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम शामिल रहेगा।

# फाफाडीह मुख्य मार्ग पर मलबा गिराया, जुर्माना

## संबंधित व्यक्ति पर निगम ने लगाया जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिलासपुर रोड में फाफाडीह मुख्य मार्ग पर बड़ी मात्रा में मलबा गिराये जाने पर नगर निगम अमले ने संबंधित व्यक्ति पर 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया। जन शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

■ जन शिकायत पर निगम अमले ने लिया संज्ञान

नगर निगम जोन 2 कमिश्नरी क्षेत्र के फाफाडीह मुख्य मार्ग पर मलबा गिराये जाने की शिकायत जोन में की गई। इस पर जोन के सहायक जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने स्थल पर शिकायत की जांच की। शिकायत सही पाए जाने पर जयरामदास रोहरा पर 10 हजार रुपए जुर्माना किया गया। संबंधित व्यक्ति को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए निगम अमले ने जोन स्तर पर मिली शिकायत का निदान किया।

इसी तरह खमतराई से भनपुरी मार्ग पर बड़ी मात्रा में मिट्टी गिराने से लोगों को हो रही असुविधा के संबंध में प्राप्त जन शिकायत पर जोन 1 अमले ने मुख्य मार्ग का अवलोकन किया। जन शिकायत सही पाए जाने संबंधित व्यक्ति पर 5 हजार जुर्माना लगाया गया।

# खून की खातिर चक्कर से नहीं मिली मुक्ति ब्लड स्टोरेज की योजना नहीं हो सकी पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




आपात स्थिति होने पर मरीज के परिजनों को एक बोतल खून की खातिर राजधानी के चक्कर लगाने की समस्या से निजात नहीं मिल पाई है। जिले के पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड स्टोरेज शुरू करने की योजना बनाई गई थी जो छह माह का वक्त बीतने के बाद भी पूरी नहीं हो पाई है।

अभी रायपुर जिले के तमाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सीजर प्रसव की सुविधा दी जा रही है।

■ जिले के पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुरू किया जाना था

चिकित्सकों के मुताबिक कई बार इस प्रक्रिया में मरीज को रक्त की आवश्यकता होती है। सुविधा नहीं होने की वजह से मरीज के परिजन रक्त की व्यवस्था के लिए राजधानी के ब्लड बैंक तक का चक्कर लगाते हैं। मरीज की इस परेशानी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसींवा, खरोरा, गोबरा-नवापारा, बीरगांव तथा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आयुर्वेद कालेज परिसर में ब्लड स्टोरेज की सुविधा देने की योजना बनाई थी। दावा किया जा रहा था कि काम पूरा होने के बाद मरीज के परिजनों को रक्त की खातिर इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। योजना को छह माह से अधिक का वक्त बीच चुका है, मगर अब तक इस योजना पर काम पूरा नहीं किया जा सका है, जिसकी वजह से मरीज के परिजनों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। इसके अलावा तिल्दा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड बैंक प्रारंभ करने का कम भी अधूरा पड़ा है।

### विभिन्न समूह के ब्लड रखने की योजना

सूत्रों के मुताबिक ब्लड स्टोरेज में विभिन्न समूह के रक्त स्टोरेज रखने की योजना थी। इलाज के दौरान किसी मरीज को अगर आवश्यकता होती और उनके पास दूसरा विकल्प नहीं होता, तो स्टोरेज से रक्त मुहैया कराया जा सकता है। बाद में इस रक्त की भरपाई अन्य तरीके से की जाती। ब्लड स्टोरेज की योजना को मूल रूप से ग्रामीण इलाकों में सक्रिय सामुदायिक स्वास्थ्य में तैयार करने का प्रयास किया गया था।

### ट्रामा योजना भी फेल

ब्लड स्टोरेज के अलावा हाईवे पर मौजूद स्वास्थ्य केंद्रों में ट्रामा यूनिट भी तैयार करने की योजना बनाई गई थी। इसका मकसद हाईवे पर सड़क हादसे में जख्मी होने वालों को तत्काल उपचार की सुविधा मुहैया कराना था। इसके लिए धरसींवा और अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का चयन किया गया था। ट्रामा में उपचार की सुविधा के साथ विशेषज्ञ डाक्टरों को पदस्थ करने की तैयारी थी, इसका काम भी अभी पूरा नहीं हो पाया है।

वाटर बेस क्रियेशन के लिए मुंबई के एंटार्टिका ब्रांड को 9 साल के लिए ठेका

# नवा रायपुर के झांझ जलाशय से एनआरडीए कमाएगा एक साल में साढ़े बारह लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवा रायपुर के झांझ जलाशय में पानी पर तैरने वाले वाटर बेस क्रियेशन के एवज में मुंबई की एंटार्टिका ब्रांड नवा रायपुर विकास प्राधिकरण को एक साल में साढ़े बारह का भुगतान करेगी। 9 साल के लिए यह अनुबंध हुआ है। इसमें अनुबंधित एजेंसी राजधानी वासियों को जल आधारित 50 अलग-अलग तरह की गतिविधि से रोमांचित करने का मौका दे रही है। इन गतिविधियों में यार्ड, हाउस बोट, स्पीड बोट, जेटस्की के साथ युवाओं के लिए आयस्टिम बोट शामिल है। यही नहीं, वाटर साइकिल, बबल साइकिल का मजा लोग उठा सकते हैं। सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा वाटर बेस क्रियेशन नवा रायपुर के मेफेयर में तैयार है, जहां मेट्रो सिटी की तर्ज पर लोगों को परिवार के साथ सुकून के पल बिताने वाटर इवेंट से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होने का मौका दिया जा रहा है। कंपनी के डायरेक्टर राजीव सेंगर ने बताया, सभी वर्ग के लोगों की पसंद को ध्यान में रखते हुए यहां अनलिमिटेड एक्टिविटी शुरू की गई है।

■ 50 अलग-अलग तरह की वाटर एक्टिविटी



### चार तरह के पार्क बनाए, पैकेज अलग-अलग

झांझ जलाशय में शुरू किए गए वाटर बेस क्रियेशन के लिए अनुबंधित एजेंसी ने चार सेक्शन को अलग-अलग पार्क का नाम दे रखा है। इनके नाम हैं सेलिब्रेशन पार्क, एचटूओ फ्लेवर्स, पानी पर तैरता एडवेंचर यानी एडवेंचर बलून इसमें स्पीकिंग कास्ट फ्री रखा गया है। एडवेंचर प्रेमियों को सुरक्षा के लिए पहने जाने वाले वस्त्र मुफ्त देने की व्यवस्था है। साथ ही लोगों के लिए चेंजिंग रूम और शावर रूम बनाया गए हैं।

### 999 रुपए से अनलिमिटेड पैकेज

परिवार के साथ नौकायन सहित अन्य तरह के वाटर एक्टिविटी का आनंद उठाने वालों के लिए अनुबंधित एजेंसी ने 999 रुपए से लेकर अनलिमिटेड पैकेज उपलब्ध कराए हैं। इसमें लोग अपनी पसंद अनुसार चार सेगमेंट में अलग-अलग तरह की एक्टिविटी में शामिल हो सकते हैं।

# कांग्रेस से एक और इस्तीफा, चुन्नीलाल ने छोड़ा पद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस में करारी हार के बाद से इस्तीफों का दौर पार्टी में शुरू हो गया है। पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को अपना इस्तीफा भेज दिया है। अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्री साहू ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को प्रदेश उपाध्यक्ष और उनसे जुड़े समस्त प्रभार से त्यागपत्र भेजा है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार नहीं बनने को वजह बताई है। मिली जानकारी अनुसार, अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू ने बताया कि विगत चार सालों से कांग्रेस पार्टी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पद की जिमेदारी सौंपी गई थी। इसमें पूरी लगन से पार्टी के कामों को किया। वहीं विधानसभा चुनाव के लिए बिलासपुर ग्रामीण, जांजगीर चांपा, रायगढ़ लोकसभा का प्रभारी बनाया गया था। इसमें रायगढ़ की चार विधानसभा सीटों में तीन सीट कांग्रेस ने जीती और जांजगीर चांपा में तीन सीटों पर जीत और बिलासपुर में मस्तूरी, कोटा में कांग्रेस की जीत तय की, मगर प्रदेश में कांग्रेस को बुरी तरह से हार मिली है। राज्य में फिर से सरकार नहीं बना पाए। इसी को वजह बताते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष पद से अपना त्यागपत्र पीसीसी चीफ दीपक बैज को भेजा है।

# 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश जल्द अब तक पुराने आदेश पर हो रहा है अमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की ही खरीदी की जा रही है। यह व्यवस्था पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के आदेश पर बनी थी, लेकिन भाजपा नेतृत्व की नई सरकार बनने के बाद भी पुराने आदेश पर अमल किया जा रहा है। इस मामले को लेकर किसानों में बेचैनी है। दूसरी ओर खाद्य विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो अगले दो तीन दिनों में 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश जारी होने की संभावना है।

■ फिलहाल 20 क्विंटल धान की ही खरीदी की जा रही



### धान बेच चुके किसान क्या करेंगे

राज्य में धान खरीदी के मामले को लेकर किसानों में इस बात की बेचैनी है कि कब 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश होगा। वजह ये है कि जिन किसानों का धान बेचने के लिए तैयार हो गया है वे धान बेचने के लिए सोसाइटी में जा रहे हैं। उनका धान पुरानी सरकार के आदेश के तहत 20 क्विंटल खरीदा जा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि ऐसे किसानों का क्या होगा? इस संबंध में खाद्य विभाग के अधिकारियों के कहना है कि जिन किसानों के पास धान बचा होगा, वे बचा धान 21 क्विंटल के हिसाब से बेच सकेंगे। जिनके पास धान नहीं होगा, उनका कुछ नहीं हो सकता।

### पौने 8 लाख किसान बेच चुके हैं धान

राज्य में 1 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के बाद अब तक प्रदेश के सभी जिलों में कुल मिलाकर 7 लाख 89 हजार, 34 किसान धान बेच चुके हैं। सोसाइटियों में अब तक 36 लाख 30 हजार 907 मीट्रिक टन धान आ चुका है। प्रदेश में इस सीजन में धान बेचने के लिए 26 लाख किसानों का पंजीयन किया गया है। प्रदेश के मैदानी इलाकों के जिलों में किसान तेजी से अपना धान बेच रहे हैं, जबकि सरगुजा और बस्तर संभाग के जिलों में धान की आवक अपेक्षाकृत कम है। पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार ने 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया था। खरीदी का यह अनुमान 20 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से था। 21 क्विंटल खरीदी होने पर खरीदी 130 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो सकती है।

